दैनिक
नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

www.navpradesh.com | बिलासपुर, शनिवार 5 दिसंबर 2020, कृष्ण पक्ष-पंचमी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-06 अंक-231 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए | छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल ने पद्म विभूषण सम्मान लौटा दिया है। पंजाब के दो और नेताओं ने भी अपने अवार्ड वापस करने की घोषणा की है। ये सभी नेता इस बात से नाराज हैं कि केन्द्र सरकार किसानों की मांग मानने में हीला हवाला कर रही है। हो सकता है एक बार फिर अवार्ड वापसी की होड़ लग जाए। यदि अवार्ड वापसी का यह सिलसिला इसी तरह आगे भी चलता रहा तो भविष्य में सरकार कोई भी राष्ट्रीय सम्मान इसी शर्त पर प्रदान करेगी कि बिके हुए माल की तरह दिया गया सम्मान भी वापस नहीं लिया जाएगा।

जशपुर की झोली में सीएम की सौगातें...

जशपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शुक्रवार को जशपुर जिले को 792.86 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी। साथ ही कुछ नई घोषणाएं भी की। मुख्यमंत्री ने जिला मुख्यालय जशपुर के रणजीता स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में 655 करोड़ 77 लाख रूपए की लागत के 94 कार्यों का भूमिपूजन और 137 करोड़ रूपए की लागत के 102 कार्यों का लोकार्पण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री कोतबा में उद्यानिकी महाविद्यालय तथा जशपुर में तिरंदाजी केंद्र खोलने का ऐलान भी किया। *पेज 12 भी पढ़ें।*

भारत ने चीन को दिखाया दम, एलएसी पर 10 'आकाश' का सफल परीक्षण

■ **सभी मिसाइलों ने अपने टारगेट पर सीधा प्रहार किया**

नई दिल्ली/ए.। चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तनाव के बीच भारत ने 10 आकाश मिसाइलों का परीक्षण किया। यह मिसाइल दुश्मनों के विमानों को मार गिराने में सक्षम हैं। आंध्र प्रदेश के सूर्यलंका परीक्षण रेंज में पिछले सप्ताह किए गए परीक्षण काफी सफल रहे हैं, क्योंकि दागी गई अधिकांश आकाश मिसाइलों ने अपने टारगेट पर सीधा प्रहार किया है। इन आकाश मिसाइलों का भारतीय वायु सेना की ओर से कम्बाइंड गाइडेट वैपन्स फायरिंग 2020 एक्सरसाइज के दौरान फायर किया गया था। फायरिंग के दौरान अधिकांश मिसाइलों मे अपने लक्ष्य पर सीधा प्रहार किया। भारतीय वायु सेना ने आकाश मिसाइलों के साथ-साथ इग्ला कंधे से हवा में मार करने वाली मिसाइलों का भी परीक्षण किया। इन मिसाइलों को लेकर दिलचस्प बात यह है इन दोनों को पूर्वी लद्दाख और एलएसी के अन्य क्षेत्रों में ■ **शेष पृष्ठ 7 पर**

हाल ही में अपग्रेड किया गया मिसाइल को

आकाश मिसाइल को हाल ही में अपग्रेड किया गया है, जिसके बाद से यह पहले से और बेहतर तरीके से निशाना लगाने में सक्षम है। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन आकाश प्राइम मिसाइल प्रणाली पर काम कर रहा है, जो इसे बहुत अधिक ऊंचाई वाले स्थानों पर भी लक्ष्य हासिल करने में सक्षम बनाएगी। आकाश के बारे में आपको बता दें किय यह एक मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल रक्षा प्रणाली है जिसे रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन द्वारा विकसित किया गया है।

खास- खबर

मप्र के स्वास्थ्य मंत्री कोवैक्सीन के ट्रायल के लिए अनफिट

भोपाल/नवप्रदेश। स्वास्थ्य मंत्री कोरोना वैक्सीन लगवाने गए, लेकिन उनकी यह तमन्ना पूरी नहीं हो सकी। बात हो रही है मध्य प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री नरोत्तम मिश्रा की। मध्य प्रदेश में कोरोना के टीके कावैक्सीन का ट्रायल शुरू हो गया है। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में कोवैक्सीन का ट्रायल हो रहा। स्वास्थ्य मंत्री नरोत्तम मिश्रा भी यह वैक्सीन लगवाने के लिए गए थे।

अयोध्या: मस्जिद निर्माण ट्रस्ट में सरकारी प्रतिनिधि की याचिका खारिज

नई दिल्ली/(वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने अयोध्या में मस्जिद निर्माण के लिए गठित इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन ट्रस्ट में किसी सरकारी प्रतिनिधि को शामिल करने का निर्देश देने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति आरएफ नरीमन और न्यायमूर्ति केएम जोसेफकी खंडपीठ ने शिशिर चतुर्वेदी की जनहित याचिका सिरे से खारिज कर दी। न्यायालय ने कहा कि अयोध्या में मस्जिद के लिए बने न्यास में केंद्र या फिर राज्य सरकार का कोई भी प्रतिनिधि शामिल नहीं होगा।

कश्मीर में पिछले 11 महीने में 211 आतंकी ढेर, 47 गिरफ्तार

जम्मू (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर में पिछले 11 महीनों में खासकर अनुच्छेद 370 हटने के बाद से 211 आतंकवादियों को मार गिराया गया और विभिन्न अभियानों के तहत 47 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है। रक्षा सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि वर्ष 2019 में कुल 152 आतंकवादी मारे गए थे लेकिन सुरक्षा बलों ने इस वर्ष एक जनवरी से 22 नवंबर के बीच पाक की धरती से पनपे जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर ए तैयबा, हिज्ब उल मुजाहिदीन सहित विभिन्न संगठनों के 211 आतंकवादियों को मार गिराया।

कोरोना माहामारी को लेकर सर्वदलीय बैठक में पीएम मोदी ने किया आश्वस्त

वैक्सीन अगले कुछ हफ्तों में दाम 'दिल' टटोलने के बाद

■ **पीएम ने कहा-राज्यों के साथ विचार विमर्श के आधार पर तय होगी कीमत**

नई दिल्ली/(वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि कोरोना की वैक्सीन अगले कुछ हफ्तों में तैयार हो जायेगी और इसके तैयार होने के बाद देश में टीकाकरण का काम शुरू हो जायेगा।

पीएम मोदी ने कहा कि कोरोना वैक्सीन की कीमत का निर्धारण जन स्वास्थ्य को प्राथमिकता मानकर राज्यों के साथ विचार-विमर्श के आधार पर किया जायेगा। मोदी ने शुक्रवार को यहां सभी राजनीतिक दलों के साथ देश में कोरोना महामारी से उत्पन्न स्थिति पर चर्चा के लिए बुलायी गई बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि विशेषज्ञों ■ **शेष पृष्ठ 7 पर**

विशेष कार्यबल का गठन

कोरोना वैक्सीन के शोध से जुड़े दायित्व के लिए देश में विशेष कार्य बल का गठन किया गया था। साथ ही वैक्सीन से जुड़े अभियान का दायित्व राष्ट्रीय विशेषज्ञ समूह को दिया गया है। इसमें तकनीकी विशेषज्ञ, केंद्र सरकार के संबंधित मंत्रालयों और विभागों के अधिकारी तथा प्रत्येक जोन के हिसाब से राज्य सरकारों के भी प्रतिनिधि हैं। यह समूह राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम कर रहा है। राष्ट्रीय और स्थानीय, हर जरूरत के मुताबिक फैसले समूह द्वारा सामूहिक तौर पर लिए जाएंगे।

कोविन से मिलगी टीके की रीयल टाइम जानकारी

मोदी ने कहा कि भारत ने एक विशेष सॉफ्टवेयर कोविन भी बनाया है जिसमें कोरोना वैक्सीन के लाभार्थी, वैक्सीन के उपलब्ध स्टॉक और भंडारण से जुड़ी 'रीयल टाइम' जानकारी रहेगी।

भारत की लड़ाई दिखाती है लोगों का अदम्य साहस

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश ने जिस तरह कोरोना के खिलाफ लड़ाई को लड़ा है, वह प्रत्येक देशवासी की अदम्य इच्छाशक्ति को दिखाता है। उन्होंने कहा कि कोरोना के खिलाफ अभियान में देश ने तेजी से वैज्ञानिक तरीकों को अपनाया, उसका परिणाम आज दिख रहा है। भारत आज उन देशों में है जहां पर प्रतिदिन टेस्टिंग बहुत ज्यादा हो रही है। भारत आज उन देशों में है जहां पर रिकवरी रेट भी बहुत ज्यादा है। भारत उन देशों में भी शामिल है जहां पर कोरोना की वजह से होने वाली मृत्यु दर इतनी कम है।

अफवाह नहीं फैलने देने की अपील

वैक्सीन के मामले में कई तरह की अफवाह भी फैलायी जा सकती हैं जो न तो जनहित में है और न ही राष्ट्रहित में। सभी राजनीतिक दलों से अपील करते हैं कि लोगों को इन अफवाहों से सावधान करें और जागरूकता फैलाकर उन्हें सही स्थिति से अवगत करायें। साथ ही जब तक वैक्सीन नहीं आती तब तक मास्क और दो गज की दूरी के उपायों को सख्ती से अपनाया जाना चाहिए। मोदी ने कहा कि जो राजनीतिक दल आज अपने विचार नहीं रख पाये वे लिखित में उन्हें अपने सुझाव भेज सकते हैं ।

'बुरेवी' से तमिलनाडु में दो दिन भारी बारिश के आसार

चेन्नई/ (वार्ता)। चक्रवाती तूफान 'बुरेवी' के पिछले छह घंटे के दौरान रामनाथपुरम में सक्रिय रहने के कारण चेन्नई और मध्य एवं दक्षिण तमिलनाडु में भारी बारिश हुई है और इसके शुक्रवार शाम तक इसी क्षेत्र में बने रहने के आसार हैं।

मौसम विज्ञान चेन्नई के उप महानिदेशक एस बालचंद्रन ने शुक्रवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि आज शाम तक यही स्थिति रहने के आसार हैं। इसके प्रभाव से राज्य में दो दिन तक मूसलाधार बारिश होने का अनुमान है। इसके बाद यह और कमजोर होकर दक्षिण केरल की ओर बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि इसके प्रभाव के कारण तमिलनाडु, पुड्डुचेरी, कुड्डलूर, रामनाथपुरम, नागापट्टिनम और तिरुवरुर में हवा की गति 45-55 किमी प्रति घंटे रहने और भारी बारिश के आसार हैं।

11 इलाकों में मूसलाधार बारिश

उन्होंने कहा कि दूर दराज के कई जिलों और उत्तरी जिलों में अगले 48 घंटों में भारी बारिश के अनुमान हैं। बालाचंद्रन ने कहा कि 11 इलाकों में मूसलाधार बारिश हुई है और 50 क्षेत्रों में बहुत भारी बारिश जबकि राज्य के 20 स्थानों में भारी बारिश हुई है। पिछले 24 घंटों में कोल्लिडम में सबसे अधिक 36 सेंटीमीटर बारिश हुई है उसके बाद कुड्डलूर में 34 सेंटीमीटर बारिश हुई है। भारी बारिश के कारण मछुआरों को अगले दो दिन तक समुद्र में नहीं जाने की सलाह दी गई है।

कोरोना संक्रमितों की संख्या 96 लाख के करीब, स्वस्थ हुए 90 लाख

नई दिल्ली (वार्ता)। देश में कोरोना के नये मामलों में कुछ दिनों से कमी के बावजूद संक्रमितों की संख्या 96 लाख के करीब पहुंच गयी है वहीं इस महामारी को मात देने वालों की संख्या भी लगातार बढ़कर 90 लाख से अधिक हो गयी है। पिछले पांच दिनों से कोरोना के नये मामले 40 हजार से नीचे आ रहे हैं तथा स्वस्थ होने वालों का अनुपात इससे अधिक है जिससे सक्रिय मामलों की दर कम होकर 4.35 प्रतिशत हो गयी है।

केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले 24 घंटे में 36,595 नये मामले आये और संक्रमितों का आंकड़ा 95.71 लाख हो गया है। इस दौरान 42,916 मरीज स्वस्थ हुए और इसी के साथ रिकवरी दर बढ़कर 94.20 प्रतिशत हो गयी । अब तक 90.16 लाख रोगी इस बीमारी को मात दे चुके हैं। नये मामलों की तुलना में कोरोनामुक्त होने वालों की संख्या अधिक रहने से सक्रिय मामले 6861 कम हुए और इनकी संख्या घटकर 4.16 लाख रह गयी है। इसी अवधि में 540 और मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 1,39,188 हो गया है और मृत्यु दर अभी 1.45 फीसदी है। पिछले 24 घंटों में महाराष्ट्र में सर्वाधिक 8066 मरीज स्वस्थ हुए , हालांकि सबसे अधिक 115 लोगों की मौत भी यहीं हुई। राज्य में सक्रिय मामले कम होकर 86,612 रह गये हैं। मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 47,772 हो गया है।

बीजापुर में मुठभेड़ एक नक्सली ढेर

बीजापुर/नवप्रदेश। जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों के जवानों ने एक नक्सली को मार गिराया है। क्षेत्र में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर शुक्रवार को को डीआरजी, कोबरा एवं सीआरपीएफ की संयुक्त टीम सर्चिंग के लिए रवाना हुई थी। सर्चिंग पर निकले ये जवान थाना गंगालूर के ग्राम हकवा-हल्लूर के मध्य जंगल में पहुंचे ही थे कि उन पर नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई में ताबड़तोड़ फायरिंग की। जिससे दबवा में आए नक्सली जंगल पहाड़ की आड़ लेकर भाग गए। लेकिन एक नक्सली को मार गिराने में जवानों को सफलता मिली है। मृत नक्सली की पहचान अर्जुन- मिलिशिया सेक्शन कमांडर के रूप की गई है। मुठभेड़ स्थल से हथियार, पिट्ठू एवं अन्य नक्सल सामाग्री बरामद की गई। सुरक्षाबलों द्वारा आसपास के क्षेत्र की सर्चिंग की जा रही है।

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने बिलासपुर हाईकोर्ट को बताया

आवेदन किया जाएगा तो अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज में भी बढेंगी सीटें

■ **राज्य के मेडिकल कॉलेजों में ईडब्ल्यूएस की सीटों का मामला**

बिलासपुर/नवप्रदेश। अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज को आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग (ईडब्ल्यूएस) आरक्षण के मद्देनजर अतिरिक्त सीटें मिल सकती हैं। इसके लिए राज्य सरकार को आवेदन करना होगा। बिलासपुर हाईकोर्ट में राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने इस संबंध की जानकारी दी है। एनएमसी ने मेडिकल कॉलेजों में ईडब्ल्यूसी की सीटों को लेकर हाईकोर्ट में दायर याचिका पर दाखिल अपने जवाब में यह बात कही है। आयोग ने बताया कि राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज में इस साल अतिरिक्त सीटें दी जा रही हैं। अंबिकापुर के लिए सीटों का मामला शासन के आवेदन पर निर्भर है। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस पीआर रामचंद्र मेनन व जस्टिस पीपी साहू की बेंच ने की।

उल्लेखनीय है कि सुजल वर्मा नाम के शख्स ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की ■ **शेष पृष्ठ 7 पर**

हाईकोर्ट ने शासन व एनएमसी से मांगा जवाब

शुक्रवार को इस पहले कोर्ट ने सुनवाई शुरू करते हुए एनएमसी और राज्य शासन से जवाब तलब किया था। दोनों की ओर से अपना जवाब दाखिल किया गया। एनएमसी ने बताया कि राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज को पिछले साल अतिरिक्त सीटें दी गई थी। इस साल भी दी जा रही हैं। यदि शासन की ओर से अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज के लिए आया तो उसे भी सीटें आवंटित की जाएंगी।

खुश खबरी — 25 दिसंबर से जबलपुर-गोंदिया ब्रॉडगैज पर यात्री ट्रेन शुरू करने की तैयारी, यात्रा में लगेगा कम समय

इस माह से 112 किमी कम हो सकती है रायपुर-जबलपुर की दूरी

रायपुर/जबलपुर/नवप्रदेश। रेल यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। इस माह से रायपुर व जबलपुर के बीच की दूरी 112 किमी कम हो सकती है। वहीं जबलपुर से दक्षिण भारत के प्रमुख शहरों की दूरी 274 से 500 किमी कम हो जाएगी।

दरअसल उत्तर से दक्षिण को जोड़ने वाला सबसे छोटे रेलमार्ग पर 25 दिसंबर से यात्री ट्रेनें शुरू करने की तैयारी चल रही है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन 25 दिसंबर के दिन ब्रॉडगेज पर सबसे पहले मेमू ट्रेन को हरी झंडी दिखाई जा सकती है। पूर्व प्रधानमंत्री ने ही ब्रॉडगेज के सपने को आकार दिया था। अब उनके जन्मदिन पर इस ट्रैक का लोकार्पण करने की तैयारी है। इस ट्रैक पर यात्री ट्रेन शुरू होते ही जबलपुर से रायपुर, दुर्ग, नागपुर पहुंचना आसान हो जाएगा।

अब वाट्सऐप पर पता चल जाएगा पीएनआर और ट्रेन का लाइव स्टेटस

नई दिल्ली/ए.। अब ट्रेन के पीएनआर स्टेटस समेत ट्रेन का लाइव स्टेटस यात्री के वाट्सएप नंबर पर मिलेगा। इसके लिए एक नया फीचर आया है। रेलफॉय नाम के मोबाइल ऐप में एक नया फीचर जोड़ा गया है। इस फीचर के जरिए वाट्सऐप के माध्यम से पीएनआर स्टेटस, ट्रेन का लाइव स्टेटस के साथ ही अन्य जानकारी ■ **शेष पृष्ठ 7 पर**

ऐसे समझें इस ट्रैक के फायदे

1. **अभी** : जबलपुर-कटनी-शहडोल-बिलासपुर-रायपुर: 518 किमी
ब्रॉडगेज ट्रैक : जबलपुर-नैनपुर-गोंदिया-डोंगरगढ़-दुर्ग-रायपुर: 406 किमी
अंतर : रायपुर की दूरी 112 किमी कम हो जाएगी।
2. **अभी** : जबलपुर-कटनी-शहडोल-बिलासपुर-दुर्ग : 555 किमी
ब्रॉडगेज ट्रैक: जबलपुर-नैनपुर-गोंदिया-डोंगरगढ़-दुर्ग 369 किमी
अंतर : दुर्ग की दूरी 186 किमी तक कम हो जाएगी।
3. **अभी** : जबलपुर-इटारसी-नागपुर-वर्धा-बल्लारशाह: 752 किमी
ब्रॉडगेज ट्रैक: जबलपुर-नैनपुर-बालाघाट- गोंदिया-बल्लारशाह : 250 किमी
अंतर : दक्षिण भारत के प्रमुख शहरों की दूरी 274 से 500 किमी कम हो जाएगी।
4. **अभी** : जबलपुर-इटारसी-बैतूल-नागपुर: 543 किमी
ब्रॉडगेज ट्रैक : जबलपुर-नैनपुर-गोंदिया-भंडारा- नागपुर: 364 किमी
अंतर: नागपुर की दूरी करीब 175 किमी तक कम हो जाएगी।

जाइडस कैडिला को वैक्सीन के तीसरे चरण के परीक्षण की मंजूरी

नई दिल्ली/ (वार्ता)। दवा कंपनी जाइडस कैडिला को भारतीय औषधि महानियंत्रक ने कोरोना वैक्सीन के तीसरे चरण के मानव परीक्षण के लिए अनुमति दे दी है। कंपनी ने शुक्रवरा को यह जानकारी दी कि उसकी कोरोना वैक्सीन के लिए तीसरे चरण का मानव परीक्षण इसी माह शुरु हो जायेगा। यह परीक्षण देशभर के 20 से 25 केंद्रों पर किया जायेगा। यह परीक्षण 250 वॉलंटियर पर होगा। जाइडस कैडिला ने कहा कि दूसरे चरण के मानव परीक्षण के नतीजों के अनुसार, उसकी कोरोना वैक्सीन प्रभावी है।

ये कहा कंपनी के प्रबंध निदेशक ने

कैडिला हेल्थकेयर लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ शार्विल पटेल ने आज कहा, 'हमें अपनी कोरोना वैक्सीन के दूसरे चरण के मानव परीक्षण के परिणाम से खुशी हो रही है। परीक्षण के दौरान यह पाया गया कि अगर यह वैक्सीन संक्रमण के शुरुआती समय में मरीज को दी जाती है तो व्यक्ति में वायरस की संख्या कम होने लगती है। हमारा लक्ष्य ऐसा उपचार तलाशना है जो सुरक्षित हो, जिसे देना आसान हो और जो संक्रमितों की संख्या में भी कमी लाये।'

पेंटिंग, रंगोली, निबंध, स्लोगन और भाषण प्रतियोगिता में उत्साहित दिखे दिव्यांग बच्चे

नव प्रदेश संवाददाता

मुंगेली। विश्व दिव्यांग दिवस 3 दिसम्बर को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राजीव गांधी शिक्षा मिशन (समग्र शिक्षा) जिला- मुंगेली के विकासखण्ड मुंगेली, लोरमी एवं पथरिया में कोविड-19 सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए विकासखण्ड स्त्रोत केन्द्रों में कक्षा 1 से 8 वीं तक के अध्ययनरत विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों के मध्य पेटिंग, रंगोली, निबंध, स्लोगन, भाषण आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विकासखण्ड लोरमी से रंगोली प्रतियोगिता में कु. कुमुदनी राजपूत, डाली राजपूत, चित्रकला प्रतियोगिता में सागर कश्यप, कविता एवं चित्रकला प्रतियोगिता में मानस राजपूत, विकासखण्ड मुंगेली से रंगोली प्रतियोगिता में शासकीय उच्च प्राथमिक शाला फरहदा में अध्ययनरत्

कक्षा 8 वीं की दिव्यांग कुमारी पूजा साहू, के.जी.बी.व्ही. के रंजना दिवाकर, शासकीय उच्च प्राथमिक शाला जरहागांव के किरण बंजारे तथा निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता में शासकीय प्राथमिक शाला ठक्कर बापा वार्ड मुंगेली के मुकेश जांगड़े, ओम मिडिल स्कूल मुंगेली के कक्षा 7वीं के छात्र तेजस गोयल, रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर शासकीय उच्च प्राथमिक शाला धनगांव गोसाई के कु. पूजा साहू को सम्मानित किया। इसी तरह विकास खण्ड पथरिया से शासकीय उच्च प्राथमिक शाला हथनीकला के गुब्बारा फूलाना (5 मिनट में) विश्वप्रेमी राजपूत, शासकीय उच्च प्राथमिक शाला जूनवानी के चन्द्रभान, शासकीय प्राथमिक शाला जूनवानी के रोमिन साहू, रंगोली प्रतियोगिता में शासकीय उच्च प्राथमिक शाला गंगद्वारी की कु. मीना साहू, रंगोली एवं मेंहदी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर शासकीय उच्च प्राथमिक शाला पथरिया के नफीशा परवीन को प्रोत्साहित किया गया। इस कार्यक्रम का मॉनिटरिंग विकाखण्ड मुंगेली वी.पी. सिंह, जिला मिशन समन्वयक, लोरमी से अशोक कश्यप, एपीसी आईड, श्रीमती माया सिंह एपीसी (बालिका शिक्षा) एवं पथरिया में मोहित तिवारी, एपीसी मुंगेली के द्वारा किया गया।

न्यूज गैलरी

हैदराबाद-दरभंगा, गांधीधाम-पुरी ट्रेनों की समय सारिणी में परिवर्तन

बिलासपुर (नव प्रदेश)। रेल यात्री सुविधाओ को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन के द्वारा एक फेरे के लिए हैदराबाद एवं दरभंगा के बीच चल रही 07007 / 07008 सिकंदराबादढ्ढदरभंगा- सिकंदराबाद द्वि- साप्ताहिक पूजा स्पेशल ट्रेन सिकंदराबाद से प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को दिनांक 05 दिसम्बर, 2020 से एवं दरभंगा से प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को दिनांक 08 दिसम्बर, 2020 से इस गाड़ी की समय सारणी आंशिक परिवर्तन एवं परिचालन में विस्तार किया गया है। इस गाड़ी में 05 एसी थ्री, 02 एसी टू टायर, 10 स्लीपर, 02 सामान्य, 01 पार्सलयान एवं 02 एसएलआर सहित कुल 22 कोच रहेंगे। इस गाड़ी में कनफर्म टिकट यात्रियो को ही यात्रा करने की अनुमति दी जायेगी। इस गाड़ी की परिवर्तित समय सारणी इस प्रकार है। गांधीधाम पुरी- गांधीधाम साप्ताहिक पूजा स्पेशल ट्रेन की समय सारिणी में आंशिक परिवर्तन एवं परिचालन में विस्तार। रेल यात्री सुविधाओ को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन के द्वारा 02973/02974 गांधीधामढ्ढपुरी-गांधीधाम साप्ताहिक पूजा स्पेशल ट्रेन गांधीधाम से प्रत्येक बुधवार को दिनांक 02 दिसम्बर, 2020 से एवं पूरी से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 05 दिसम्बर, 2020 से इस गाड़ी की समय सारणी आंशिक परिवर्तन एवं परिचालन में विस्तार किया गया है।

जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति दिशा की बैठक 8 दिसम्बर को

मुंगेली (नव प्रदेश)। बिलासपुर लोक सभा क्षेत्र के सांसद एवं जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति के अध्यक्ष अरूण साव की अध्यक्षता में 8 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति दिशा की बैठक होगी। बैठक कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में होगी। कलेक्टर एवं जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति के सदस्य सचिव पी.एस. एल्मा ने सभी संबंधितों को निर्धारित तिथि और स्थान पर उपस्थित होने के लिए कहा है।

सिम्स पहुंचे शैलेश, डॉक्टरों से एमआरआई मशीन की खूबी के बारे में ली जानकारी

बिलासपुर (नव प्रदेश)। विधायक शैलेश पांडेय सिम्स पहुंचे इस दौरान उन्होंने लगाई जाने वाली एमआरआई मशीन कक्ष का मुआयना किया और मरीजों को मशीन लगने के बाद किस तरह का लाभ मिलेगा विस्तार से सिम्स के जिम्मेदारों से चर्चा की। नाम बड़े और दर्शन छोटे यह कहावत सिम्स पर सटीक बैठना है। दरअसल सिम्स में इलाज कराने आये हुए मरीजों को बुनियादी सुविधाएं नाम मात्र है। सोनोग्राफी - एक्स-रा तथा पैथोलैब मौजूद हैं किंतु यहां की रिपोर्ट का भरोसा सिम्स के डॉक्टरों को ही नही है। जिस वजह से मरीजों को निजी लैब का रुख करना पड़ता है। यह सिलसिला अब भी कायम है। वहीं शहर विधायक शैलेश पांडेय सिम्स की दशा बदलने तथा मरीजों के उपचार की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पुर जोर कोशिश में लगे हैं। आज श्री पांडेय अचानक सिम्स का निरीक्षण करने पहुंचे और मरीजों की सुविधा के लिये लगाई जाने वाली एमआरआई कक्ष का मुआयना किया। उन्होंने मशीन की खूबी एवं मरीजों को इलाज में किस तरह का लाभ प्राप्त होगा। विस्तार से सिम्स के डॉक्टरों से चर्चा की। इस दौरान सिम्स अधीक्षक सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

अवैध रूप से रेलवे के टिकटों/ ई-टिकटों की कालाबाजारी करने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान

बिलासपुर (नव प्रदेश)। टिकट दलाली की रोकथाम के लिए महानिरीक्षक-सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रेलवे सुरक्षा बल दक्षिण पूर्व मध्य रेल बिलासपुर के दिशा-निर्देशानुसार, रेलवे सुरक्षा बल के तीनों मंडलों में कार्यरत अपराध गुप्तचर शाखाओं एवं बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर मंडलों के द्वारा अवैध रूप से रेलवे के टिकटों/ ई-टिकटों की कालाबाजारी करने वालों के विरुद्ध दिनांक 01 दिसंबर 2020 से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान रेलवे सुरक्षा बल के द्वारा ताज जनरल स्टोर फोटो कॉपी स्टेशनरी कालीबाड़ी चौक रायपुर, श्री दुर्गेश कंप्यूटर फोटो कॉपी एवं टायपिंग जैतहरी अनुपपुर, देवांगन इंटरनेट एवं फोटो कॉपी सेंटर शॉप बिर्रा चांपा, एन.के.जी. कंप्यूटर शॉप भालुमड़ा अनूपपुर, साक्षी इंटरप्रायजेज़ टूर एंड ट्रेवल्स एंड ऑन लाइन सर्विस शॉप पंचमेढ़ी नाका रायपुर, जन सुविधा केंद्र सिलियरी रायपुर, साइबर वर्ल्ड शॉप कोरबा, साई होलिडे टूर एंड ट्रेवल दुर्ग, रिजवी इंटरनेट शॉप राजिम, रेल आरक्षण केंद्र कांपटी नागपुर, नितिन कंप्यूटर चिचगढ़ (देओरी) गोंदिया में एक साथ दबिश दी गई। छापेमारी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 02 लाख 30 हजार मूल्य के 307 नग ई-रेल टिकटों की जब्ती की गई ढ्ढ इस मामलें में 10 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर रेल अधिनियम के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया हैढ्ढ सभी आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया है।

10 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्रायसाइकल दी गई

मुंगेली (नव प्रदेश)। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर जिले के 10 दिव्यांगजनों को 10 मोटराइज्ड ट्रायसाइकल प्रदान किया गया। कलेक्टर पी.एस. एल्मा के निर्देश पर मोटराइज्ड ट्रायसाइकल प्राप्त इन सभी 10 दिव्यांगजनों को स्वरोजगार स्थापित करने हेतु उन्हे मोटराइज्ड ट्रायसाइकल से ही चलती फिरती दुकान के संचालन के लिए किराना समान सब्जी, फल, मोबाईल एसेसरिज बिजली समान, स्टेशनरी एवं मनिहारी का समान भी प्रदान किया गया।

51 धान खरीदी केन्द्रों के 701 टोकन से 23928.80 क्विंटल धान की हुई खरीदी

'धान खरीदी आरंभ नहीं होने से बुदेली केन्द्र का घेराव किया जायेगा'

नव प्रदेश संवाददाता

मुंगेली। छत्तीसगढ़ के धान उपार्जन केंद्रों में भले ही 27 नवंबर से टोकन काटा जा रहा है.1 दिसंबर से धान खरीदी शुरुआत की गई है मगर मुंगेली जिले में प्रशासनिक अव्यवस्था के चलते लगभग 15 धान खरीदी केंद्रों में धान खरीदी बन्द है.. आलम यह है कि इन केंद्रों में धान खरीदने के लिए पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित नही की गई है इसके अलावा जिन अधिकारी कर्मचारी की ड्यूटी धान प्रभारी के रूप में लगाई गई है वे भी उपार्जन केंद्र नही पहुँच रहे। जिसके चलते किसान आक्रोशित होकर धान खरीदी केंद्रों से वापस लौट जा रहे हैं। जिले के 92 उपार्जन केन्द्रों में से 77 उपार्जन केन्द्रों में 1851 टोकन 70 हजार 344 क्विंटल धान खरीदीने हेतु टोकन जारी हुआ है जिसमें 51 धान खरीदी केन्द्रों के 701 किसानों ने 23928.80 क्विंटल धान के खरीदी हुई है।

मुंगेली जिले के बुंदेली धान उपार्जन केंद्र का है जहां बड़ी संख्या में किसान धान बेचने पहुँचे थे। लेकिन धान खरीदी शुरुआत के दिन से यहाँ धान खरीदी प्रभारी ही नही पहुँच रहे हैं। इसके अलावा यहां धान खरीदने के लिए पर्याप्त व्यवस्था नही की गई है..विडंबना ये है कि जिन कर्मचारियों की यहाँ ड्युटी लगाई गई है वो भी केंद्र से नदारद है यही वजह कि किसानों ने आक्रोश जाहिर करते हुए धान उपार्जन केंद्र बुंदेली का घेराव कर दिया। किसानों का कहना है कि यहाँ औपचारिकता निभाने के लिए कुछ किसानों का टोकन जरूर काटा गया है लेकिन अभी तक किसी भी किसान की धान खरीदी नही की गई है। इधर नाराज किसानों का कहना है कि जल्द ही यहाँ धान खरीदी शुरू नही की गई तो कल ऑफिस का घेराव करेंग। इसके बाद भी समस्या का निराकरण नही हुआ तो चक्काजाम करने को बाध्य होंग। इस पूरे मामले पर एआरसीएस यू के कौशिक का कहना है बुंदेली में जिस कर्मचारी को धान खरीदी प्रभारी बनाया गया है वह स्वास्थ्य गत कारणों से केंद्र नही पहुँच रहा है आज शाम तक वहाँ दूसरे कर्मचारी को प्रभारी बनाया जाएगा जिसके बाद कल से धान खरीदी यहाँ सुचारु रूप से प्रारंभ हो जाएगा। वही कलेक्टर पी एस एल्मा का कहना है टेक्निकल व अन्य कारणों से जिले के 9 केंद्रों में धान खरीदी बन्द है .शीघ्र ही इन केन्द्रों की समस्या दूर कर धान खरीदी प्रारंभ किया जाएगा।

आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई भारी मात्रा में शराब के साथ तीन गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। कलेक्टर बल डॉ सारांश मित्तर के निर्देशानुसार,उपायुक्त आबकारी नीतू नोतानी ठाकुर एवं सहायक आयुक्त आबकारी बिलासपुर टी.पी.भुसाखरे के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई कर काफी मात्रा में शराब के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। अवैध मदिरा निर्माण एवं धारण के विरुद्ध जारी लगातार कार्रवाई अभियान में आज को तखतपुर के ग्राम सोनबंधा में तीन व्यक्तियों के घरों में दबिश देकर आरोपियों से 500 लीटर महुआ हाथ भट्ठीसे बनी शराब एवं 25 हजार किलो ग्राम महुआ लहान जब्त कर कार्रवाई कि गई एवं तीन आरोपियो जिसमे (1)शैलेंद्र अनंत पिता शिव अनंत उम्र 19 वर्ष(2)परमेश्वर पिता नैनाराम अनंत उम्र 38 वर्ष (3) रेखा बाई पिता श्रीराम उम्र 35 वर्ष तीनो निवासी सोनबंधा पु.था. तखतपुर के विरुद्ध धारा 34(1)(क)(च), 34(2)59(क),का प्रकरण कायम किया गया है।

इस कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी लव कुमार चौबे,श्रीमति नीलिमा दीर्घस्कर,आबकारी उप निरीक्षक मुकेश पांडेय,आनंद वर्मा,धीरज कन्नौजीया,रमेश दुबे,कोमल सिदार ,जया मेहर प्रधान आरक्षक नेतराम बंजारे रामेश्वर पांडेय,सुरेश कौशिल,राजकुमार कुर्रे,कमलेश दुबे मनीशकर मिश्रा एवं हमराह स्टाफ का उत्कृष्ट योगदान रहा।

कस्टम मिलिंग हेतु मिल पंजीयन अनिवार्य

मुंगेली (नव प्रदेश)। कलेक्टर पी.एस. एल्मा ने खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 के लिए समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान की कस्टम मिलिंग हेतु नागरिक आपूर्ति निगम मुंगेली के जिला प्रबंधक सभी सहायक खाद्य अधिकारी एवं खाद्य निरीक्षक तथा राईस मिल एसोसियन के लिए दिशा-निर्देश जारी किए है। जारी दिशा-निर्देश में उन्होने कहा है कि कस्टम मिलिंग हेतु मिल पंजीयन अनिवार्य रहेगा। तथा पंजीकृत मिलो को ही कस्टम मिलिंग हेतु अनुमति कलेक्टर द्वारा दी जाएगी। ऐसी राईस मिले जिनके संचालक द्वारा राज्य शासन के कस्टम मिलिंग निर्देशों का उल्लघन किया जाना प्रमाणित होता है, अथ्वा विगत तीन वर्षो में आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत किसी आपराध में सिद्ध पाये गये है ऐसे राईस मिल को पंजीकृत नहीं किया जाएगा और उन्हे किसी भी हालत में कस्टम मिलिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होने कहा कि खरीफ वर्ष 2020-21 में कम्प्यूटरीकृत के प्रक्रिया के माध्यम से समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान की कस्टम मिलिंग का कार्य पूर्ण किया जाएगा।

समाजसेवी फिरोज बने बस्तर संभाग के अध्यक्ष

नव प्रदेश संवाददाता

किरंदुल। ऑल इंडिया मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन छत्तीसगढ़ के बस्तर अध्यक्ष मनोनीत किए गए फिरोज नवाब यह पद उनके सक्रिय समाज सेवा कार्य के लिए दिया गया है आपको बता दें फिरोज नवाब आज दंतेवाड़ा जिला में समाजिक सेवा कार्य में हमेशा सक्रिय रहते हैं और सभी समुदाय के लिए हर संभव मदद करते हैं समाज में फिरोज नवाब की एक अलग छवि बनी हुई है चाहे है रक्त डोनेशन हो या किसी को कोई और परेशानी हो हमेशा तत्पर रहते हैं और हमेशा लोगों की भलाई के लिए खड़े रहते हैं दिन हो या रात हो बारिश हो या ठंडी हो या गर्मी हो हमेशा वह हर किसी की मदद करते नजर आते हैं ऑल इंडिया मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन छत्तीसगढ़ के बस्तर अध्यक्ष नियुक्त होने पर समस्त बचेली वासी फिरोज नवाब की भूरी भूरी प्रशंसा कर रहे हैं उन्हें बधाई दी समाज सेवक फिरोज नवाब ने भी ऑल इंडिया मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन का शुक्रिया अदा किया और उन्होंने कहा मैं आपकी उम्मीद पर आपके दिए गए पद को हमेशा निष्ठा और ईमानदारी पूर्वक करता रहूंगा उतरूंगा।

प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू का दौरा कार्यक्रम

बिलासपुर (नव प्रदेश)। लोक निर्माण, गृह, जेल, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, पर्यटन मंत्री एवं जिले के प्रभारी ताम्रध्वज साहू आज 5 दिसंबर को प्रातः 9 बजे कार द्वारा रायपुर से बिलासपुर के लिये प्रस्थान करेंगे तथा दोपहर 12 बजे छत्तीसगढ़ भवन बिलासपुर पहुचेंगे एवं लोक निर्माण एवं गृह विभाग के अधिकारियों से चर्चा एवं आम जनता से भेंट करेंगे। तत्पश्चात दोपहर 12.50 बजे छ.ग. भवन बिलासपुर से त्रिवेणी परिसर रूद्र नगर व्यापार विहार बिलासपुर हेतु प्रस्थान करेंगे। दोपहर 1 बजे से 1.30 बजे तक त्रिवेणी परिसर में रूद्रातिरूद्र महायज्ञ के विराट संत सम्मेलन में भाग लेंगे। दोपहर 2 से 3 बजे तक उनका समय आरक्षित रहेगा।

पिता की डांट से बच्ची ने छोड़ा घर, पुलिस ने सकुशल मिलाया माता-पिता से

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। चार दिसंबर कि दरमियानी रात को 12 वर्षीय एक बालिका ग्राम भैंसों थाना पामगढ़ जिला जांजगीर से किसी बात को लेकर अपने माता-पिता से रूठ कर डांटने से नाराज होकर अकेले ही बिना बताए ऑटो में बैठकर बिलासपुर आ गई थी। महाराणा प्रताप चौक में ऑटो से उतर कर दूसरे ऑटो में बैठकर जगमल चौक तक आ गई , तोरवा पुलिस रात्रि गश्त टीम को एवं 112 की मदद से थाना तोरवा पुलिस पुलिस थाना लेकर आ गई।, जहां बच्ची से बड़े संवेदनशिलता के साथ जानकारी ली गई। परिजनों की जानकारी लेने के बाद बालिका को तत्काल सुरक्षार्थ बालिका संरक्षण गृह में विधिवत भेज दिया गया एवं उनके परिजनों को इसकी सूचना दी गई। सुबह उनके परिजन आने पर जानकारी हुआ कि डांटने से नाराज होकर नाबालिक बालिका 12 वर्षीय ग्राम पैसों से बिलासपुर आ गई थी, जिसे सकुशल उनके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया गया.इस तरह से एक नाबालिग बालिका के साथ किसी भी अप्रिय घटना होने से तोरवा पुलिस की तत्परता से रोक कि गई. उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी परिवेश तिवारी निरीक्षक के अलावा सहायक उपनिरीक्षक भरत राठौर, तोरवा112 के आरक्षक अनिल बांधे 1429 एवं आर.सत्य प्रकाश पाटले, पेट्रोलिंग आरक्षक रौनक पांडे ने योगदान दिया।

विधानसभा सत्र 21 दिसम्बर से

मुंगेली (नव प्रदेश)। छत्तीसगढ़ विधानसभा सत्र 21 दिसम्बर से प्रारंभ हो रहा है। इसे देखते हुए कलेक्टर पी.एस.एल्मा ने विधान सभा से संबंधित जानकारी निर्धारित समय सीमा पर प्रेषित करने हेतु अपर कलेक्टर राजेश नशीने को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। नोडल अधिकारी श्री नशीने का मोबाईल नंबर क्रमशः 9826148437 है।

लिपिकों ने फेडरेशन के आंदोलन को पत्थलगांव में सफल बनाने हेतु बैठक आयोजित की

पत्थलगाँव। छग प्रदेश लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ के सदस्यों ने पत्थलगांव जनपद पंचायत के सभागार में बैठक आयोजित कर फेडरेशन आंदोलन की मुख्य मांगो के लेकर किये जा रहे आन्दोलन को सफल बनाने हेतु विचार विमर्श किया गया। सभी विभाग के लिपिको ने यहा उपस्थित होकर आंदोलन की रूपरेखा बनाकर आंदोलन को लेकर रणनीति तैयार की । कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के आन्दोलन को सफल बनाने लिपिकों ने चरणबद्ध आंदोलन पर चर्चा की ।

इस मौके पर प्रदेश महामंत्री अरुण कुमार रवानी, तहसील अध्यक्ष गिरीश कुमार सिंह, सहायक ग्रेड 2 हीरालाल गोपाल, सहायक ग्रेड 3 अविनाश कुमार सिन्हा ,लेखापाल जी एल पटेल, सहायक ग्रेड तीन जितेंद्र बघेल, सहायक ग्रेड 2 मुकेश कुमार यादव, रोहित कुमार बंजारे, मनोज लकड़ा ,गीतेश कुमार सक्सेना, अरुणा कांता खलखो, मंजू केरकेट्टा, अमर साहू, एम अंसारी, टीकम सिंह बाज ,प्रतीक राजा श्रीवास्तव ,बजरंग सिंह सिदार ,प्रदीप कुमार नारंगे , चंद्रकांत नेताम कृषि, कृष्ण कुमार सिंह आईटीआई, श्रीमती ऐफ तिर्की तहसील कार्यालय, एनएस नेताम जनपद पंचायत ने निर्णय लिया कि मांगो को लेकर आन्दोलन करते हुवे 11 दिसंबर को तहसील कार्यालय के समक्ष मशाल रैली निकालकर पत्थलगांव अनुविभागीय अधिकारी को 14 सूत्रीय मांगों के समर्थन में ज्ञापन सौंपा जाएगा। सभी लिपिकों ने आंदोलन को सफल बनाने हेतु रूपरेखा एवं सुझाव दिए। मौजूद लिपिकों ने एक स्वर में मशाल रैली को सफल बनाने में शत-प्रतिशत योगदान का आश्वासन दिया। बैठक के अंत में प्रदेश महामंत्री अरुण कुमार रवानी द्वारा उद्बोधन पश्चात बैठक की समाप्ति की घोषणा की गई।

तकनीक | कलेक्टर ने की गोधन न्याय योजना की प्रगति की समीक्षा

गोबर खरीदी में मोबाइल एप का हो रहा उपयोग

नव प्रदेश संवाददाता

मुंगेली। कलेक्टर पी. एस. एल्मा ने कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में गोधन न्याय योजना के तहत मुंगेली और लोरमी विकास खण्ड के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर गोधन न्याय योजना की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उन्होने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना ग्रामीणों किसानों, गोपालको के साथ-साथ गोठानों से जुडी महिला स्व सहायता समूहो की आमदनी में इजाफे का एक माध्यम बन गई है। उन्होने कहा कि इस योजना के सफलता के लिए गोबर खरीदी से लेकर भुगतान की प्रक्रिया में मोबाईल एप्प का उपयोग किया जा रहा है। इस योजना के कियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं उदासीनता क्षम्य नहीं होगी। बैठक में उन्होने गोबर की मात्रा, वर्मी टाका का निर्माण, गोठान में गोबर रखने की तिथि से टाका में गोबर डालने और वर्मी कम्पोस्ट खाद बनाने तक की तिथि के बारे में जानकारी प्राप्त की और संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में उन्होने वर्मी कम्पोस्ट खाद का उत्पादन परीक्षण ,पेकैजिंग और विक्रय के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। बैठक में उन्होने वर्मी कम्पोस्ट खाद का क्रय करने वालो को प्रोत्साहित करने तथा कम्पोस्ट खाद का क्रय करने वाले तथा पैरा दान करने वाले किसानों को प्राथमिकता से धान विक्रय का टोकन जारी करने की बात कहीं है। बैठक में कलेक्टर श्री एल्मा ने कहा कि गोठानों में पशुओं के संरक्षण के लिए शेड निर्माण, चारागाह और पेयजल हेतु निर्मित जल पात्र (कोटना) के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की और आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी श्रीमति नुपूर राशि पन्ना ने भी गोधन न्याय योजना के योजना के सफल कियान्वयन के लिए नोडल अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर कृषि विभाग के उपसंचालक डी के. ब्यौहार, चिप्स ईडीएम सुश्री सोनम तिवारी भी मौजूद थी।

न्यूज गैलरी

गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू आज बिलासपुर के दौरे पर

रायपुर। छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू आज 05 दिसंबर शनिवार को बिलासपुर के दौरे पर रहेंगे। श्री साहू सुबह 9.30 बजे रायपुर से सड़क मार्ग से बिलासपुर के लिए रवाना होंगे। जहां वे दोपहर 12 बजे बिलासपुर पहुंचकर छत्तीसगढ़ भवन में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेंगे। दोपहर 1 बजे त्रिवेणी परिसर, रूद्र नगर व्यापार विहार में रूद्रातिरूद्र महायज्ञ विराट संत सम्मेलन में शामिल होंगे। इसके बाद वे शाम 4 बजे लाल बहादुर शास्त्री स्कूल परिसर में आयोजित 43वां राउत नाचा महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा शाम 5.30 बजे बिलासपुर से रायपुर के लिए रवाना हो जाएंगे।

कोरबा-अमृतसर पूजा स्पेशल अंबाला-अमृतसर के बीच रद्द

रायपुर। किसान आन्दोलन के फ्लस्वरूप आज 04 दिसम्बर को कोरबा से रवाना होने वाली 08237 कोरबा-अमृतसर त्रि-साप्ताहिक पूजा स्पेशल ट्रेन अंबाला रेल्वे स्टेशन में ही समाप्त होकर यह गाड़ी अंबाला रेल्वे स्टेशन से बिलासपुर के लिए रवाना होगी एवं 06 दिसम्बर को अमृतसर से छूटने वाली 08238 अमृतसर-बिलासपुर त्रि-साप्ताहिक पूजा स्पेशल ट्रेन अमृतसर के स्थान पर अंबाला रेल्वे स्टेशन से ही रवाना होगी अर्थात यह गाड़ी अंबाला-अमृतसर- अंबाला के बीच रद्द रहेगी।

14 को होगी सहायक संचालक कृषि परीक्षा, 2020

रायपुर। लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक संचालक, कृषि परीक्षा 2020 का आयोजन आगामी 14 दिसंबर को राजधानी के पांच परीक्षा केन्द्रों में किया जाएगा। लोक सेवा आयोग से मिली जानकारी के अनुसार आयोग द्वारा सहायक संचालक कृषि के लिए 14 दिसंबर को परीक्षा आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक राजधानी के पांच चयनित परीक्षा केन्द्रों में होगी। परीक्षा के सफल संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर पूनम शर्मा को प्रभारी अधिकारी परीक्षा शाखा रायपुर को नोडल अधिकारी बनाया गया है। परीक्षार्थी परीक्षा से संबंधित अन्य जानकारियां विभागीय वेबसाइड में भी देख सकते हैं।

नेशनल लोक आयोग की सुनवाई 12 को

रायपुर। कोरोना संकट के चलते लगे लॉकडाउन के बाद अब 12 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत लगाई जाएगी। अदालत में ऑनलाइन के माध्यम से प्रकरणों की सुनवाई होगी। लोक अदालत में रखे जाने वाले मामलों का जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चयचन किया जा रहा है साथ ही पक्षकार या अधिवक्तागण राजीनामा करने योग्य मामलों के आवेदन 11 दिसंबर की शाम 5 बजे तक संबंधित न्यायालय में जमा कर सकते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने बताया कि ई-नेशनल लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में लंबित सिविल वाद, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, चेक बाउंस से संबंधित मामले, पारिवारिक मामले एवं राजीनामा योग्य आपराधिक मामलों का राजीनामा के आधार पर निराकरण किया जाएगा।

सिकलसेल पर अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार आज

रायपुर। सिकलसेल विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार आज शाम को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आयोजित किया जा रहा है। छग सिकलसेल संस्थान और पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति महाविद्यालय रायपुर के मेडिसीन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के ओहियो प्रांत विश्वविद्यालय के सिकलसेल रिसर्च शाखा की डायरेक्टर डा. पायल देसाई सम्मिलित होंगी। सेमिनार की अध्यक्षता आयुष विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डा. जीबी गुप्ता करेंगे। इस अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में मैनेजमेंट की वर्तमान स्थिति, सिकलसेल के इलाज व नई दवाईयों के उपयोग पर चर्चा की जाएगी।

भारतीय नौसेना दिवस पर भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने वीर जवानों को किया नमन

रायपुर। भारतीय नौसेना दिवस पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. रमन सिंह ने वीर जवानों को नमन किया है। डा. सिंह ने भारतीय नौसेना दिवस के अवसर पर आज ट्वीट कर कहा कि देश की सामुद्रिक सीमाओं की रक्षा में अपना सर्वस्व अर्पित कर जुटे वीर जवानों को नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि इंडियन नेवी के हमारे सैनिकों के पराक्रम और शीर्ष का लोहा आज पूरी दुनिया मानती है। हमें अपने देश के जाबाज जवानों पर गर्व है।

जनवरी से पटरी पर लौट सकती है कई पैसेंजर-लोकल ट्रेनें

रायपुर। कोरोना संक्रमण के चलते बंद हुई अधिकांश यात्री ट्रेनें जनवरी तक पटरी पर लौट आएगी। हालांकि इसकी अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। दूसरी ओर अब लोकल और पैसेंजर ट्रेनों को चलाने के लिए भी हरी झंडी मिलती दिख रही है।

रेलवे सूत्रों की माने तो जनवरी से रायपुर से दल्लीराजहरा तक चलने वाली मेमू व लोकल शुरू हो जाएगी। इसी तरह केंवटी तक चलने वाली पैसेंजर ट्रेन को भी फिर से शुरू करने की सुगबुगाहट तेज हो गई है। यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन पूरी सावधानी बरतते हुए बंद हुई या वर्तमान में स्थगित होने वाली यात्री ट्रेनों को फिर से शुरू करने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है।

बिजली के आधे बिल से अब तक प्रदेश के 38.42 लाख उपभोक्ताओं की जेब में आए 1336 करोड़ रूपए

छत्तीसगढ़ सरकार की बिजली बिल हॉफयोजना ने रौशन कर दी लाखों जिंदगियां

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार की हाफ बिजली बिल योजना से प्रदेश के लाखों घरेलू बिजली उपभोक्ताओं के चेहरे पर खुशहाली देखी जा सकती है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई इस योजना के तहत अब तक 38 लाख 42 हजार 50 उपभोक्ताओं को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 1336 करोड़ की घरेलू सब्सिडी दी गई है, या यह कह सकते है कि सीधे-सीधे लोगों की जेब में 1336 करोड़ रूपए की बचत हुई है।

गौरतलब है कि देश के बिजली हब छत्तीसगढ़ में किसानों, गरीब परिवारों को रियायती दरों पर बिजली आपूर्ति की अनेक योजनाएं संचालित की जाती रही हैं, पहली बार हाफ बिजली बिल योजना में घरेलू बिजली उपभोक्ताओं के 400 यूनिट तक के बिल में आधे बिल की राशि में छूट दी गयी है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर छत्तीसगढ़ में 1 मार्च 2019 से प्रारंभ की गई हाफ बिजली बिल योजना में घरेलू उपभोक्ताओं को प्रति माह 400 यूनिट तक की बिजली खपत पर प्रभावशील टैरिफ पर 50 प्रतिशत की छूट की पात्रता है। इस छूट के समतुल्य राशि राज्य शासन द्वारा विद्युत वितरण कंपनी को अनुदान के रूप में दी जाती है। माह सितंबर 2020 की स्थिति में कुल 38 लाख 42 हजार 50 उपभोक्ता इस योजना का लाभ ले चुके हैं। मार्च 2019 से अब तक छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 1336 करोड़ की घरेलू सब्सिडी घरेलू उपभोक्ताओं को दी गई है

निम्न और मध्यम आय वर्ग के अनेक ऐसे परिवार घरेलू बिजली उपभोक्ताओं में शामिल हैं, जिनके लिए बिजली बिल पटाना महंगाई के दौर में काफी मुश्किल होता था। रियायती दरों पर बिजली आपूर्ति की सुविधा इस वर्ग के लिए दूर की कौड़ी जैसा था, इसके विपरीत कुछ वर्षों के अंतराल में बिजली शुल्क में वृद्धि के कारण इस वर्ग के लोगों को

अपने घरों के बिजली का बढ़ा हुआ बिल पटाना पड़ता था। इस बढ़ने वाले अति आर्थिक बोझ को पूरा करने के लिए उन्हें अपने अन्य जरुरी खर्चों में मजबूरन कटौती करनी पड़ती थी।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में दिसंबर 2018 में गठित नई सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं के इस वर्ग की समस्याओं को पूरी संवेदनशीलता के साथ महसूस किया और 'सबका साथ-सबका विकास' की नीति पर अमल करते हुए राज्य के सभी घरेलू बिजली उपभोक्ताओं के लिए 01 मार्च 2019 से 'हाफ बिजली बिल योजना' लागू की और अपना एक बड़ा वादा पूरा किया। 'हाफबिजली बिल योजना' प्रदेश के लाखों घरेलू बिजली उपभोक्ताओं के लिए अप्रत्याशित और सुखद बदलाव की योजना साबित हो रही है। प्रदेश के लाखों घरेलू बिजली उपभोक्ताओं ने कभी ऐसी योजना की कल्पना भी नहीं की थी। योजना ने इस वर्ग के लोगों को बड़ी राहत प्रदान की है। उनके घरों का हजार रुपए का बिजली बिल कुछ सैकड़ों में सिमट गया। अब इन उपभोक्ताओं के लिए अपने घर का बिजली बिल पटाने में होने वाला खर्च आधा हो गया है, बचत राशि का उपयोग अब वे अन्य कार्यों में कर सकेंगे।

हाफ बिजली बिल योजना के अंतर्गत राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को प्रतिमाह खपत की गई 400 यूनिट तक की बिजली पर प्रभावशील विद्युत की दरों के आधार पर आधे बिल की राशि की छूट दी जा रही है। इससे पहले उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट 4.50 रूपये देने पड़ते थे, वर्तमान में 400 यूनिट बिजली खपत पर प्रति यूनिट 2.30 रूपये देने होंगे। इस योजना का लाभ राज्य के सभी बी.पी.एल. और अन्य घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं को मिल रहा है। हाफबिजली बिल योजना के प्रारंभ से माह सितम्बर 2020 तक राज्य के लगभग 38 लाख 42 हजार उपभोक्ताओं को 1336 करोड़ 19 लाख रुपए की रियायत दी गई है। इस योजना के लागू होने से प्रदेश के घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं का विद्युत देयक आधा हो गया है, जिसके कारण निम्न एवं मध्यम वर्ग के उपभोक्ता बचत की राशि से अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति करने में सक्षम हुए हैं। सतत और गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति और बिजली अधोसंरचना के विकास के किए गए कार्यो से प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं और हाफ बिजली बिल योजना से लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है।

कोरोना संक्रमण से 174 स्वस्थ होकर हुए डिस्चार्ज, 1555 नए पाजिटिव मरीजों की पहचान

- **17 की हुई उपचार के दौरान मृत्यु**

रायपुर। शीत ऋतु प्रारंभ होते ही देश एवं प्रदेश में दीपावली त्योहार के बाद कोरोना वायरस का दूसरा संक्रमण का दौर अपने पूरे जोर से फैलाव पर है। लापरवाही के चलते जहां कोरोना वायरस कोविड 19 का स्वरूप प्रथम चरण के बाद अधिक आक्रामक तरीके से मरीजों को प्रभावित कर रहा है वहीं लाक डाउन खत्म होने के बाद आम लोगों में अभी भी कोरोना वायरस को लेकर लापरवाही बरती जा रही है। नगर निगम एवं जिला प्रशासन तथा स्वयं सेवी संगठनों द्वारा शासकीय अशासकीय क्षेत्रों द्वारा बार बार मास्क पहनने की अपील करने के बाद भी बाजार क्षेत्र में ज्यादातर लोग बिना मास्क पहने लोगों के लिए खतरे का सबब बने हुए है। प्रदेश का प्रशासनिक मुख्यालय महानदी भवन सचिवालय में भी बिना मास्क पहने कर्मियों पर जहां अर्थदंड की कार्रवाई की गई है वहीं जनमानस के जेहन में यह भी सवाल तैर रहा है कि प्रशासनिक स्तर पर जब मास्क पहनने के मामले को लेकर लापरवाही दिखाई जा रही है ऐसे में जन अपील के जरिए लोगों को मास्क पहनने के लिए प्रेरित करने का कार्य लोगों के लिए सवालिया निशान बन रहा है।

छत्तीसगढ़ शासन लोक स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार गुरुवार रात 8 बजे की स्थिति में प्रदेश से कुल 174 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज होने की जानकारी दी गई है। नोडल अधिकारी डॉ. सुभाष पांडेय के अनुसार 1555 नये कोरोना पाजीटिव मरीज मिलने की जानकारी दी गई है। अब तक प्रदेश में कुल 2 लाख 42418 मरीज कोरोना पाजीटिव के पाये गये है जिनमें अस्पताल से अब तक 86,885 मरीज कोरोना उपचार के दौरान स्वस्थ होकर अपने घरों तक पहुंच चुके हैं। गत 24 घंटे में होम आइसोलेशन से 1733 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। वहीं प्रदेश स्तर पर अब तक 1 लाख 33 हजार 292 मरीज स्वस्थ होकर अपनी दिनचर्या रोजाना की जारी रखने में सफल हुए हैं। प्रदेश में 1976 मरीज गत 24 घंटे में डिस्चार्ज हुए है अब तक प्रदेश में 2,20, 177 मरीज इलाज के दौरान शासकीय अशासकीय चिकित्सा संस्थानों में पंजी में दर्ज होकर समुचित उपचार का लाभ लेकर ठीक हो गये हैं।

दोणिमलै लौह अयस्क खदान के लंबे समय से लंबित मामले का अंततः समाधान

हैदराबाद/रायपुर। एनएमडीसी लिमिटेड की दोणिमलै लौह अयस्क खान (एम एल नं 2396) जो नवंबर 2018 से बंद थी से संबंधित मामले को आखिरकार सरकार के प्रयासों से सुलझा लिया गया है। इस निर्णय से न केवल खान संचालन का मार्ग प्रशस्त हुआ है बल्कि यह समयानुकूल भी है क्योंकि इस समय इस्पात कंपनियां लौह अयस्क की आपूर्ति की कमी का सामना कर रही हैं ।

एमएमडीआर अधिनियम, 1957 की धारा 31 के तहत भारत सरकार को प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए भारत सरकार ने कर्नाटक सरकार एवं इस्पात मंत्रालय के साथ दोणिमलै लौह अयस्क पट्टे के विस्तार का समझौता किया है ।

दोणिमलै लौह अयस्क खान जिसका कुल खनन क्षेत्र 597.54 हेक्टेयर एवं अनुमानित संसाधन 149 मीट्रिक टन है तथा यह देश में वार्षिक रुप से लौह अयस्क उत्पादन में 7 एमटीपीए तक वृद्धि करेगी । अयस्क की वर्तमान उच्च कीमत के आधार पर यह कहा जा सकता है कि चालू वित्त वर्ष के दौरान दोणिमलै लौह अयस्क खान राज-कोष में लगभग 400 करोड़ रुपये का योगदान देगी।

खान के प्रचालन से प्रति वर्ष राज-कोष में लगभग 1100 करोड़ रुपये का योगदान होगा । यह वर्ष 2030-31 तक 300 एमटीपीए क्रूड स्टील क्षमता को प्राप्त करने संबंधी सरकार के लक्ष्य की ओर राष्ट्र को एक कदम और आगे ले जाएगा । यह खान हजारों लोगों (ठेका श्रमिकों सहित) को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान करेगी और लाखों लोगों के लिए अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा करेगी।

खान प्रचालन से कच्चे माल की आपूर्ति के लिए एनएमडीसी पर प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से निर्भर दोणिमलै क्षेत्र के आसपास के दो दर्जन से अधिक एसएमई (सैंकडों कर्मचारियों के साथ) के बीच सुरक्षा की भावना पैदा होगी । इसके साथ ही एनएमडीसी सीएसआर गतिविधियों पर निर्भर स्थानीय समुदाय अस्पताल, निशुल्क परिवहन, पेय जल आदि की सुविधाओं से वंचित नहीं होंगे।

राज्य महिला आयोग की पहल से चार माह की बच्ची को मिलेगी माँ की गोद

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ किरणमयी नायक ने गुरूवार को रायपुर के जलविहार स्थित आयोग कार्यालय में विभिन्न जिलों के महिलाओं के उत्पीड़न संबंधित प्रकरणों पर जन सुनवाई की। प्रस्तुत प्रकरण शारीरिक शोषण, मानसिक प्रताड़ना, दहेज प्रताड़ना, सम्पत्ति विवाद आदि से संबंधित थे। एक प्रकरण की सुनवाई करते हुए आयोग की अध्यक्ष ने कहा कि चार माह की बच्ची को माँ से दूर रखना गलत है। बच्ची की सम्पूर्ण देखभाल के लिए माँ की

नितांत आवश्यकता होती है। आयोग की समझाइश पर बच्ची के पिता अगले दिन ही आयोग के समक्ष माँ को सौपने तैयार हो गया।

एक अन्य प्रकरण में रायपुर निवासी महिला ने अपने बड़े बेटे द्वारा मानसिक रूप से प्रताड़ित करने की शिकायत आयोग से की। प्रकरण की सुनवाई करते हुए आयोग की अध्यक्ष डॉ. नायक ने बड़े बेटे को पिता की सम्पति से हिस्सा लेकर अलग रहने कहा।

इसी तरह भिलाई में महिला महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापिकाओं को प्रबंधन द्वारा समय से पहले सेवानिवृत्त कर प्रताड़ित करने का मामला आयोग के समक्ष आया। प्राध्यापिकाओं को सितंबर माह का वेतन काम करने के बाद भी नही दिया गया है। आयोग की अध्यक्ष ने एक सप्ताह के भीतर वेतन भुगतान करने प्रबंधन को कहा। सुनवाई के दौरान कोरोना संक्रमण को देखते हुए सोसल डिस्टेंसिंग व फिज़ीकल डिस्टेंसिंग सहित अन्य दिशा-निर्देशों का पालन किया गया।

प्रशंसा | नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा श्रम मंत्री शामिल हुए साहू समाज के कार्यक्रम में, समाज के भवन के लिए 20 लाख देने की घोषणा की

छत्तीसगढ़ के विकास में साहू समाज का महत्वपूर्ण योगदान: मंत्री डहरिया

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। आरंग में साहू समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ शिवकुमार डहरिया, मंत्री, नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा श्रम विभाग ने नवनिर्मित मंगल भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास में साहू समाज का महत्वपूर्ण योगदान है। साहू समाज मेहनत करने वाला और विकास की राह में आगे बढ़ने वाला समाज है। छत्तीसगढ़ की सरकार भी संत माता कर्मा, दानवीर भामाशाह के बताए हुए मार्गो में चल रही है। सभी समाजों को साथ लेकर सामाजिक समरसता का माहौल

कायम कर रही है। उन्होंने साहू समाज द्वारा आरंग में भवन निर्माण हेतु मांग को पूरा करते हुए 20 लाख की राशि देने की घोषणा की।

तहसील साहू संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मंत्री डॉ डहरिया ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार सबकी उन्नति के लिए कार्य कर रही है। साहू समाज के लोग बड़ी संख्या में खेती किसानी का कार्य करते हैं। छत्तीसगढ़ की सरकार किसानों की सबसे बड़ी हितैषी है। सबसे अधिक कीमत में धान की खरीदी की जा रही है। कोविड के समय किसानों को राजीव गांधी न्याय योजना के माध्यम से धान का बोनस दिया गया, जिससे छत्तीसगढ़ में मंदी का कोई असर नहीं दिखई दिया। उन्होंने बताया कि 36 में से 24 वादे सरकार ने पूरे कर दिए हैं। आने वाले दिनों में शेष वादों को भी पूरा कर दिया जाएगा। मंत्री डॉ डहरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में रामवनगमन पथ को विकसित किया जा रहा है। स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार देने की पहल की जा रही है। शिक्षाकर्मियों का संविलयन करने के साथ नई भर्तियां की जा रही है। पुलिस और कालेज में प्राध्यापकों भर्ती की जा रही है। उन्होंने बताया कि आरंग क्षेत्र में सबसे अधिक साहू समाज के लिए ही विकास कार्यो की स्वीकृति दी गई है।

कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष श्री चंद्रशेखर चंद्राकर,साहू समाज के अध्यक्ष श्री अर्जुन हिरवानी, शांतनु साहू, द्वारिका साहू, देवनाथ साहू, जयंत साहू सहित समाज के अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

संपादकीय

अन्नदाताओं की आवाज सुने सरकार

नए कृषि कानूनों के खिलाफ पंजाब और हरियाणा के हजारों किसान नौवे दिन भी सड़क पर उतर कर आंदोलन कर रहे है। अब उन्होने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने उनकी मांग न मानी तो वे भारत बंद का आव्हान करेंगे। सरकार को चाहिए कि वह अन्नदाताओं की आवाज सुनें और उनकी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर जल्द उचित निर्णय लें। यद्यपि किसान नेताओं और कृषि मंत्री के बीच कई दौर की बातचीत हो चुकी है लेकिन अभी भी समस्या का समाधान नहीं निकल पाया है। पांच दिसंबर को होने वाली बैठक में इस मसले का हल निकलने की उम्मीद है लेकिन इसके लिए सरकार और किसान नेताओं को कोई बीच का रास्ता निकालना पड़ेगा। वैसे यह संतोष की बात है कि किसान संगठनों के 35 सूत्रीय मांगों में से अधिकांश मांगो पर सरकार ने सहमति दे दी है सिर्फ 13 मांगे बची हुई है जिन पर सरकार और किसान नेताओं के बीच पेंच फंसा हुआ है। पांचवे दौर की बातचीत में यदि इन मांगों पर भी सहमति बन जाती है तो किसानों का आंदोलन समाप्त हो सकता है, किन्तु किसानों के इस आंदोलन से अपनी राजनीति चमकाने की फिराक में बैठे कुछ राजनीति दल इस आंदोलन को न सिर्फ लंबा चलाना चाहते है बल्कि इस आंदोलन को उग्र भी बनाने का षडयंत्र रच रहे है। आंदोलनकारी किसानों के बीच ऐसे अराजक तत्व भी घुसपैठ कर चुके है जो इस शांतीपूर्ण आंदोलन को हिंसक बना सकते है। पंजाब के मुख्यमंत्री केप्टन अमरिंदर सिंह ने किसानों के इस आंदोलन को लेकर केन्द्रिय गृह मंत्री अमित शाह के साथ चर्चा की है और उन्होने यहां तक कह दिया है कि इस आंदोलन के कारण उत्पन्न होने वाली स्थिति से राष्ट्रीय सुरक्षा को भी खतरा हो सकता है। जाहिर है किसानों का यह आंदोलन बेहद संवेदनशील हो चुका है इसलिए यह आवश्यक है कि सरकार इस आंदोलन को और लंबा न खींचने दें और तत्काल किसानों की मांगों पर विचार कर उचित फैसला करें। पांच दिसंबर को होने वाली पांचवे दौर की बैठक अंमित बैठक होगी यह उम्मीद की जानी चाहिए। पहले ही सरकार ने किसानों के साथ बातचीत की पहल करने में देरी कर दी है इसी वजह से आज दिल्ली की सभी सीमाएं सील करने की नौबत आ गई है जहां हजारों की संख्या में बैठे किसान प्रदर्शन कर रहे है। दिल्ली की सीमाएं बंद होने की वजह से राजधानी नई दिल्ली के बाशिंदों को तरह-तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, यदि आंदोलन लंबा चला तो उनकी दिक्कतें और ज्यादा बढ़ेंगी इसलिए सरकार किसानों की मांगों पर तत्काल विचार कर इस गतिरोध को खत्म करें।

विचार

उच्च शिक्षा स्वभाषाओं में ?

शिक्षा मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने आज घोषणा की है कि उनका मंत्रालय उच्च शिक्षा में भारतीय भाषा के माध्यम को लाने की कोशिश करेगा। बच्चों की शिक्षा भारतीय भाषाओं या मातृभाषाओं के माध्यम से हो, यह तो नई शिक्षा-नीति में कहा गया है और कोठारी आयोग की रपट में भी इस नीति पर जोर दिया गया था। 1967 में इंदिरा सरकार के शिक्षा मंत्रियों डॉ. त्रिगुण सेन, श्री भागवत झा आजाद और प्रो. शेरसिंह तथा बाद में डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने भी शिक्षा में भारतीय भाषाओं को बढ़ाने की भरपूर कोशिश की थी लेकिन हमारी सरकारें, चाहे वे भाजपा या कांग्रेस या जनता दल की हों, शिक्षा का भारतीय भाषाकरण करने में विफल क्यों रही हैं ? इसलिए विफल रही हैं कि उन्हें बाल तो सिर पर उगाने थे लेकिन वे मालिश पांव पर करती रहीं। पांव पर मालिश याने बच्चों को मातृभाषा के माध्यम से पढ़ाना तो अच्छा है लेकिन वे ज्यों-ज्यों आगे बढ़ते हैं, अंग्रेजी की गुलामी करने लगते हैं। उन्हें देखकर समझदार और समर्थ लोग पांव की मालिश भी बंद कर देते हैं। वे अपने बच्चों को भी अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में पढ़ाते हैं। यदि हम देश में शिक्षा और ज्ञान-विज्ञान का माध्यम स्वदेशी भाषाओं को बनाना चाहते हैं तो सबसे पहले उच्च-शिक्षा और पीएच.डी. के शोध-कार्यों को अपनी भाषाओं में करने को प्राथमिकता देनी चाहिए। यदि हमारी सरकारें ऐसी हिम्मत करें तो करोड़ों लोग अपने बच्चों को जानलेवा और जेबकाटू अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में क्यों पढ़ाएंगे ? तब सरकारी नौकरियों से भी अंग्रेजी की अनिवार्यता हटानी पड़ेगी। यह बात मैं पिछले साठ साल से कहता आ रहा हूं लेकिन निशंक-जैसे शिक्षा मंत्री के मुंह से यह बात पहली बार सुनी है। 2011 में मेरे कहने पर भोपाल में अटलबिहारी वाजपेयी हिंदी वि.वि. इसी उद्देश्य के लिए बनवाया गया था लेकिन अब भी वह घुटनों के बल रेंग रहा है। अब से 55 साल पहले मैंने इंडियन स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज़ में जब अपना अंतरराष्ट्रीय राजनीति का शोधग्रंथ हिंदी में लिखने की मांग की थी तो मुझे 'स्कूल' से निकाल बाहर किया गया था। देश की सभी पार्टियों के नेताओं ने, द्रमुक के अलावा, मेरा समर्थन किया था। संसद का काम-काज कई बार ठप्प हुआ लेकिन अंततोगत्वा मेरी विजय हुई लेकिन असली मुद्दा आज भी जहां का तहां खड़ा है, क्योंकि हमारी सभी सरकारें और शिक्षाशास्त्री अंग्रेजी की गुलामी में जुटे हुए हैं। शायद डॉ. निशंक कुछ कर गुजरें। वे पढ़े-लिखे विद्वान व्यक्ति हैं। यदि वे अंग्रेजी की बपौती को खत्म करके अंग्रेजी समेत 5-7 विदेशी भाषाओं को देश में प्रचलित करें तो हमारा विदेश-व्यापार और राजनय कुलांचे भरने लगेगा और भारत दुनिया की एक सबल और संपन्न महाशक्ति हमारे देखते-देखते बन जाएगा।

'लुक वेस्ट' से भारत-खाड़ी देश संबंध हुए प्रगाढ़

धर्मेंद्र प्रधान
राज्य सभा सांसद

> अप्रैल 2020 में भारत ने महामारी से निपटने के लिए क्षमता निर्माण और अनुभव साझा करने को कुवैत में 15 सदस्यीय त्वरित प्रतिक्रिया दल भेजा। भारत एक श्वैश्विक फार्मेसीश के रूप में उभरा है, जो खाड़ी क्षेत्र की जरूरतों को भी पूरा कर रहा है। दूसरी तरफ यूएई ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों को मुफ्त में तीन रिफिल सिलेंडर प्रदान करने की घोषणा के बाद महामारी के पीक पर होने के दौरान हमारी तत्काल आवश्यकता को पूरा करने के लिए सहयोग किया। पिछले कुछ महीनों के दौरान सभी खाड़ी देशों ने अपने यहां रह रहे भारतीयों का बहुत ध्यान रखा और जो लोग लौटना चाह रहे थे। उनके लिए व्यवस्थित तरीके से स्वदेश वापसी सुनिश्चित की। ऊर्जा सुरक्षा के लिहाज से खाड़ी क्षेत्र भारत का एक विश्वसनीय भागीदार है जबकि भारत इस क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा को बढ़ाता है। हालांकि हमारे संबंध महज लेनदेन के आंकड़े से कहीं आगे बढ़ गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी और खाड़ी नेतृत्व हमारे सभ्यतागत संबंध का फिर से निर्माण कर रहे हैं जिसमें समय के साथ जंग लग गया था।

2017 में जब यूएई के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान नई दिल्ली में अपने विमान से नीचे उतरे तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रोटोकॉल तोड़कर गर्मजोशी से उनका स्वागत किया और गले लगाया। दो साल बाद उन्होंने सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ भी ऐसा ही किया। ये कोई अलग-अलग घटनाएं नहीं हैं बल्कि भारत और खाड़ी देशों के बीच संबंधों के नई ऊंचाई पर जाने का संकेत देती हैं। संबंधों को रीसेट करने की रूपरेखा गहरी मित्रताए पारस्परिक सम्मान और व्यापक भरोसे से परिभाषित की गई है। ऐतिहासिक रूप सेए खाड़ी देशों और भारत के बीच सदियों से रिश्ते रहे हैं। हमारे संवाद में साझा विरासत और संस्कृति के भाव शामिल रहे हैं। जो लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी में प्रतिबिंबित होते हैं। इस तथ्य के अलावा कि हमारे कई नागरिकों के लिए पवित्र स्थल मक्का और मदीना उस क्षेत्र में मौजूद हैं। हमारी पौराणिक कथाओं भाषाओं धर्मों भोजन और वास्तुकला एक दूसरे से कई तरह से जुड़े हैंए पर अभी तक उसे पूरी तरह से समझा या पता नहीं लगाया गया है।

हालांकि आज यह संबंध बहुत आगे बढ़ गए हैं। वास्तव में यह पहले की तुलना में पिछले छह वर्षों में अधिक मजबूत हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के तहतए हमारे नेतृत्व ने अपनी लुक वेस्ट नीति के माध्यम से खाड़ी क्षेत्र के देशों के साथ संबंधों को मजबूत बनाने का प्रयास किया है। इनमें से कुछ देशों के साथ हमारे संबंध रणनीतिक साझेदारी स्तर पर उन्नत हो गए हैंए जो द्विपक्षीय संबंधों की तुलना में उच्च स्तर की प्रतिबद्धता है और आमतौर पर विविध क्षेत्रों में रणनीतिक संवाद शामिल होते हैं पर औपचारिक गठबंधन नहीं होते हैं।

नई दिल्ली और रियाद ने हमारे प्रधानमंत्री और सऊदी क्राउन प्रिंस के स्तर पर रणनीतिक साझेदारी परिषद की स्थापना की है। यूएई ने भी उच्च स्तरीय मंत्रियों के समूहों के साथ रणनीतिक संबंधों को नई ऊंचाई दी है। एक व्यापक कारोबारी संबंध के दो तत्व- दोनों वस्तुओं और लोगों के संबंध में और शीर्ष नेताओं की व्यक्तिगत दिलचस्पी ने इन रिश्तों को उनकी वर्तमान स्थिति तक पहुंचाया है। यूएई और सऊदी अरब क्रमशः भारत के तीसरे और चौथे सबसे बड़े व्यापारिक



भागीदार हैं। हमारे द्विपक्षीय आर्थिक जुड़ाव की बात करें तो निवेश में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। प्रमुख घोषणाओं में ऊर्जा शोधन पेट्रोकेमिकल्स बुनियादी ढांचे कृषिए खनिज और खनन के क्षेत्रों में रियाद की ओर से 100 अरब डॉलर का संभावित निवेश शामिल है। इसके साथ हीए यूएई भारत में एफडीआई के शीर्ष 10 स्रोतों में स्थान रखता है। खाड़ी क्षेत्र में बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासी रहते हैं जिनके 85 लाख से भी ज्यादा होने का अनुमान है और वे हमारे द्विपक्षीय संबंधों में एक महत्वपूर्ण जुड़ाव के रूप में कार्य करते हैं। साल 2018 के एक अनुमान के अनुसार खाड़ी देशों से लगभग 50 अरब डॉलर भेजे गए। बड़े पैमाने पर विदेश से धन के प्रवाह से भारत को लाभ होता है तो वहींए मेजबान देशों को कुशल कामकाजी कार्यबल का फायदा मिलता है। साथ ही भारतीय प्रवासियों की संवेदनशीलता को लेकर. चाहे वह सांस्कृतिक हो या उनका सामाजिक जुड़ावए जीसीसी देशों के दृष्टिकोण में एक महत्वपूर्ण बदलाव आया है। उदाहरण के लिएए संयुक्त अरब अमीरात में एक हिंदू मंदिर के निर्माण की अनुमति देना इसी प्रवृत्ति का एक संकेत है। हालांकि भारत और खाड़ी देशों के बीच इन व्यापार और निवेश की रीढ़ हाइड्रोकार्बन क्षेत्र रहा है। 2019.20 मेंए इस क्षेत्र के साथ भारत का हाइड्रोकार्बन व्यापार 62 अरब डॉलर का थाए जो कुल हाइड्रोकार्बन व्यापार का 36ः है। भारत में रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार; एसपीआर कार्यक्रम के अगले चरण में सऊदी अरब और यूएई हमारे भागीदार बन सकते हैं। इसके अलावाए प्रधानमंत्री मोदी की यूएई यात्रा के दौरान एक ऐतिहासिक समझौते में पहली बार भारतीय तेल कंपनियों के संघ को अबू धाबी के अपतटीय लोअर जकूम तेल क्षेत्र में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी दी गई।

अगस्त 2015 में ए प्रधानमंत्री मोदी संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा करने वाले पहले भारतीय पीएम बनेए जहां वह 2018 और 2019 में भी गए। पीएम की पिछली यात्रा के दौरानए उन्हें दोनों देशों के संबंधों को बेहतर बनाने में उनकी भूमिका के लिए यूएई के सर्वोच्च नागरिक सम्मान श्ऑर्डर ऑफ जायदश् से सम्मानित किया गया। तीन साल पहलेए उन्हें सऊदी अरब का किंग अब्दुल अजीज सैश अवॉर्ड और 2019 में बहरीन का तीसरा सबसे बड़ा नागरिक सम्मान श्किंग हमाद ऑर्डर ऑफ द रेनेसांश मिला। खाड़ी क्षेत्र की शक्तियों को लेकर प्रधानमंत्री मोदी का दृष्टिकोण शंकाओं से परे रहा है। उन्होंने सऊदी अरबए कतरए ओमानए ईरान और बहरीन के हाई.प्रोफाइल दौरे किए और बाद में खाड़ी के गणमान्य लोग नई दिल्ली आए।

जब इस क्षेत्र के सबसे प्रतिष्ठित नेताओं में से एक कुवैत के अमीर महामहिम शेख सबा अल-अहमद अल-जाबेर अल-सबा का सितंबर में निधन हुआ तो भारत सरकार ने पूरे देश में एक दिन का राजकीय शोक घोषित किया। भारत के इस फैसले की कुवैत में खूब सराहना हुई। शीर्ष नेतृत्व के बीच व्यक्तिगत संबंधों के चलते कोविड.19 के वैश्विक महामारी बनने के बाद संकट के समय में काफी सहयोग हुआ।

भारत ने खाड़ी क्षेत्र में दवाओं खाद्य सामग्री और अन्य आवश्यक वस्तुओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की और अपने नागरिकों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए लॉकडाउन के बीच कई खाड़ी देशों में करीब 6000 भारतीय स्वास्थ्य पेशेवरों की तैनाती की सुविधा प्रदान की। अप्रैल 2020 में भारत ने महामारी से निपटने के लिए क्षमता निर्माण और अनुभव साझा करने को कुवैत में 15 सदस्यीय त्वरित प्रतिक्रिया दल भेजा। भारत एक श्वैश्विक फार्मेसीश के रूप में उभरा है, जो खाड़ी क्षेत्र की जरूरतों को भी पूरा कर रहा है। दूसरी तरफ यूएई ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों को मुफ्त में तीन रिफिल सिलेंडर प्रदान करने की घोषणा के बाद महामारी के पीक पर होने के दौरान हमारी तत्काल आवश्यकता को पूरा करने के लिए सहयोग किया। पिछले कुछ महीनों के दौरान सभी खाड़ी देशों ने अपने यहां रह रहे भारतीयों का बहुत ध्यान रखा और जो लोग लौटना चाह रहे थे।

सोशल मीडिया के कारण सामाजिक समस्या

कुमार अभिनव

> अपराध के बाद के व्यवहार की प्रकृति को भी सोशल मीडिया बदल रहा है। जैसे-जैसे प्लेटफ़ॉर्म विकसित होते हैं और नए मुद्दे सामने आते हैं, सोशल मीडिया आपराधिक न्याय अधिकारियों के लिए चुनौतियां और अवसर प्रदान करता रहेगा, साथ ही लोगों के समझने और अपराध और पीड़ित मामलों में संलग्न होने के तरीके को भी बदलता रहेगा। इंटरनेट पर मौजूद साइबर अपराध के प्रकारों से खुद को शिक्षित करके, आप उन सभी ऑनलाइन अपराधों से अवगत हो जाते हैं। अपने फोन नंबर और अन्य व्यक्तिगत विवरणों को साझा न करें या सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर टिप्पणी या पोस्टिंग न करें।

सोशल मीडिया एक आभासी भीड़ में एक दौड़ है। क्या आप खो गए हैं या अकेला पाया गया है÷ ?21 वीं सदी में दुनिया अधिक प्रौद्योगिकी के अनुकूल हो गई है। दुनिया के हर देश में लोग तकनीक का अधिक उपयोग कर रहे हैं। इतना ही नहीं, कोभिड-19 महामारी के दौरान, दुनिया के अधिकांश लोग अपना आधा समय प्रौद्योगिकी में बिता रहे हैं। प्रौद्योगिकी मानव जाति के बीच एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। दुनिया भर में लगभग हर देश में इंटरनेट की पहुंच है। आज की दुनिया के आंकड़ों पर गौर करें तो पता चलता है कि साइबर क्राइम आसमान छू गया है। केवल सात वर्षों में भारत के आंकड़ों को देखते हुए, यह देखा जा सकता है कि सामाजिक अपराध अपने चरम पर पहुंच गए हैं। साइबर अपराध पीड़ितों की कोई विशेष आयु सीमा नहीं है, कोई भी इसका शिकार हो सकता है। अपराधियों ने इसे एक विशेषाधिकार के रूप में उपयोग करना शुरू कर दिया है क्योंकि सोशल मीडिया पर किसी तक पहुंचना काफी आसान हो गया है।



सोशल मीडिया ने आज की दुनिया में लाखों उपयोगकर्ताओं को पकड़ लिया है और हर किसी के जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है, जो कि इसके उपयोग से कोई भी वंचित नहीं होगा। सोशल मीडिया एक ऐसी तकनीक है जो कंप्यूटर के माध्यम से चलती है और इंटरनेट पर आधारित है और उपयोगकर्ताओं को तेजी से काम करने में मदद करती है। दुनिया के अधिकांश देशों में वर्तमान डिजिटल युग में सोशल मीडिया का बहुत बड़ा योगदान है। सामाजिक मीडिया ने अपराध से निपटने के लिए आपराधिक न्याय एजेंसियों के लिए नए अवसर पैदा किए हैं। दुनिया में प्रौद्योगिकी के बढ़ते उपयोग के कारण, सोशल मीडिया को हर क्षेत्र में अपनी जगह पर कब्जा करने के लिए देखा जा सकता है। उदाहरण के लिए, इसका महत्व ऑनलाइन बैंकिंग, टिकट बुकिंग आदि से हर क्षेत्र में देखा जा सकता है। कोभिड-19 महामारी के कारण इसका उपयोग बढ़ गया है। कोभिड-19 महामारी ने सोशल मीडिया के महत्व को उजागर किया है। सोशल मीडिया ने अपराध को लेकर नई चिंताओं को जन्म दिया है। भारत के आंकड़ों पर गौर करें, तो यह देखा जा सकता है कि भारत में महिलाएं सोशल मीडिया के माध्यम से अधिक पीड़ित हैं। केरल के एक निजी मेडिकल कॉलेज के एक एमबीबीएस छात्र ने बुधवार 15 नवंबर को संस्थान की चौथी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। यह दुर्घटना मेडिकल कॉलेज में शाम 4 बजे हुई। हालांकि पुलिस 22 वर्षीय की आत्महत्या का कारण निर्धारित नहीं कर पाई है, लेकिन उसके फेसबुक पोस्ट ने संकेत दिया कि वह सोशल मीडिया पर साइबर हमले का शिकार था। यह साइबरबुलिंग की बदसूरत स्थिति का एक उदाहरण है। अफसोस की बात है कि हर दिन एक और मासूम ज़िंदगी न केवल भारत में, बल्कि ऑनलाइन पीड़ित और साइबर बदमाशी के कारण पीड़ित हो रही है। पिछले कुछ वर्षों में भारत के आँकड़ों को देखते हुए, यह देखा गया है कि भारत में साइबरबुलिंग की घटनाओं में वृद्धि हुई है।

> दुनिया में प्रौद्योगिकी के बढ़ते उपयोग के कारण, सोशल मीडिया को हर क्षेत्र में अपनी जगह पर कब्जा करने के लिए देखा जा सकता है। उदाहरण के लिए, इसका महत्व ऑनलाइन बैंकिंग, टिकट बुकिंग आदि से हर क्षेत्र में देखा जा सकता है। कोभिड-19 महामारी के कारण इसका उपयोग बढ़ गया है। कोभिड-19 महामारी ने सोशल मीडिया के महत्व को उजागर किया है। सोशल मीडिया ने अपराध को लेकर नई चिंताओं को जन्म दिया है। भारत के आंकड़ों पर गौर करें, तो यह देखा जा सकता है कि भारत में महिलाएं सोशल मीडिया के माध्यम से अधिक पीड़ित हैं। केरल के एक निजी मेडिकल कॉलेज के एक एमबीबीएस छात्र ने बुधवार 15 नवंबर को संस्थान की चौथी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली।

अपराध के बाद के व्यवहार की प्रकृति को भी सोशल मीडिया बदल रहा है। जैसे-जैसे प्लेटफ़ॉर्म विकसित होते हैं और नए मुद्दे सामने आते हैं, सोशल मीडिया आपराधिक न्याय अधिकारियों के लिए चुनौतियां और अवसर प्रदान करता रहेगा, साथ ही लोगों के समझने और अपराध और पीड़ित मामलों में संलग्न होने के तरीके को भी बदलता रहेगा। इंटरनेट पर मौजूद साइबर अपराध के प्रकारों से खुद को शिक्षित करके, आप उन सभी ऑनलाइन अपराधों से अवगत हो जाते हैं।

अपने फोन नंबर और अन्य व्यक्तिगत विवरणों को साझा न करें या सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर टिप्पणी या पोस्टिंग न करें। जब आप ईमेल की जाँच कर रहे हों या मैसेंजर पर चैट कर रहे हों, तो किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा भेजे गए संदेश से जुड़े लिंक पर क्लिक करते समय सावधान रहें। वैसे भी साइबर अपराध से अवगत रहें क्योंकि वे नए तरीकों से लोगों का शिकार करते हैं।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मेरी ख़ामोशी को क्यू

मेरी ख़ामोशी को क्यूँ समझा गलत है , खुल के कहना अब यहाँ होता गलत है !! हँसती हूँ तो संग रहता है जहां क्यूँ , भावनाओं में यहां बहना गलत है !! है कहाँ सच्चाई दिखती अब जहाँ में , वज्ह के बिन मुस्कुरा देना गलत है !! पूछती हूँ सोच कर तुम सबसे मैं यह , क्यूँ गलत को अब गलत कहना गलत है !! डूब मत इस रंग में ÷रूबी÷ यहां तू , मौत सच्चाई यहाँ जीना गलत है।

दंगल में जो हारते

दंगल में जो हारते, करते निज वे घात । अप-शब्दों के भार से, मारे सबको लात ।। मारे सबको लात,कहे ये छल थी भारी । भीड़-तंत्र में मतदान, किये तुम चुगली चारी।। करें बंद सब व्यापार, तभी हो मेरा मंगल । करदें सबकुछ जाम, करेंमत हमसे दंगल ।।

– नवीन कुमार तिवारी

ख़ास पाती | लड़के इतने रोते हैं कि अनगिन

लड़के इतने रोते हैं कि, अनगिन नए सागर बन जाए। दिल से उठती वेदना जब, दिल को ही असह्य हो जाए। खुद से तय की गई मंजिल भी, बिल्कुल ही अलभ्य हो जाए। निज आँखों के सपने ही निज, आँखों को नश्तर सा गुजरे। खुद की चिंताएं, परेशानी, संयम पर पत्थर सा गुजरे। और न जब, सूझे की पीर को, कहें किसी से, या कि छुपाए! लड़के इतने रोते हैं कि, अनगिन नए सागर बन जाए।

– कुमार सोनल

कितनी रातों की... सहर नहीं देखी

कितनी रातों की... सहर नहीं देखी है मैंने कितने तारे डूब गये और कितने सूरज निकल गये पर मैं, शून्य से अँधकार में डूबी, बैठी रही एकल पथ पर तुमसे प्रणय के स्वप्न संजोए अनुनय विनय के कर जोड़े कितनी मनुहारों ने दम तोड़ा कितने मंतर फूंके अब वीरान है ये रात अकेली संकुचित तन की ताप नवेली मन में संशय उबल रहा है विश्वास किंतु प्रबल रहा है फिर लौटेगा वो पल सलोना उनकी बातें और उनका होना।

– निधि भार्गव मानवी

हाथों में तुमने लेकर खंजर किस्सा

हाथों में तुमने लेकर खंजर किस्सा खत्म किया। हमने भी अंदर ही अंदर किस्सा खत्म किया इससे पहले हम कह पाए अपने दिल की बात तुमने अपने दिल की कह कर किस्सा खत्म किया कभी-कभी जो आई भी बातों में बात मेरी तुमने घुमा फिरा कर अक्सर किस्सा खत्म किया।

– कमलकांत डोंगरे

मेरी ये तलाश मुख़्तसर कर दे

मेरी ये तलाश मुख़्तसर कर दे मिल मुझे ,आखरी सफ़र कर दे फासले दीखते हैं क्यूँ दरम्यान नाप इसे ,कुछ तो कदर कर दे कुछ पत्थर है सीने में दबा दबा छू इसे ,अपना सा असर कर दे फ़ना हूँ , वादा उम्र भर का है रख इसे , अब बेफिक्र कर दे इक चुप्पी सी उगी है यहाँ बोल इसे ,लफ्ज़ इधर उधर कर दे इक भी सपना न बुनें अब ये आँखें , कह इसे , बाद तेरे अल्लाह शुक्र कर दे।

– कल्पना पाण्डेय

70 के दशक से पहले 'ग' से

70 के दशक से पहले 'ग' से गणेश पढ़ाया जाता था... फिर बाद में 'ग' से गधा पढ़ाया जाने लगा... कारण पूछने पर बताया गया कि श्री गणेश, सांप्रदायिक है.... और गधा सेकुलर.....वाकई सच भी है.....÷गधे ही सेकुलर हैं...!

– संतोष कुमार

यूं ही तुम मुस्कुरा देना ,जब

यूँ ही तुम मुस्कुरा देना ,जब मेरे सामने आओ। भरम इतना सा रख देना,जब मेरे सामने आओ। नजर भर देख लेने से दिल को राहत सी आएगी। ठहर जाना उस पल तुम ,जब मेरे सामने आओ।

–सविता वर्मा ग़ज़ल

कसीदे महुआ,पलाश,कनेर के

कसीदे महुआ,पलाश,कनेर के महीन गढ़ लेती है वह शक्लों पर लिक्खी उदासी की तासीर पढ़ लेती है वह नहीं शिकायत रखती लबों पर, न करती सवाल कभी भीतर-भीतर जलकर, खुद से बखूबी लड़ लेती है वह

– डिम्पल गौड़

QUIZ TIME

1) छत्तीसगढ़ राज्य के कुल कितने संभाग हैं?

2) छत्तीसगढ़ की बहुचर्चित 'इंदिरा गंगा योजना' का संबंध किससे है?

3) छत्तीसगढ़ में खेल दिवस किस तिथि को मनाया जाता है?

4) 'सेन्चुरी मिल्स ऑफबिड़ला' किस जिले में है?

5) वरिष्ठ पत्रकार का नाम बताइए?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 3 (2) पेयजल एवं सिंचाई (3) 29 अगस्त (4) जांजगीर (5) ललित सुरजन

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1230- जर्मनी के रसायन शास्त्री और दार्शनिक अलबर्ट महान का निधन। 1657- शाहजहां के छोटे बेटे मुराद ने स्वयं को बादशाह घोषित किया। 1746- स्पेनिश शासन के खिलाफ जेनोवा में विद्रोह किया गया। 1868- पहला अमेरिकी साइकिल कॉलेज खुला। 1879- पहली स्वचालित फोन स्विचिंग प्रणाली तैयार की गई। 1893- टोरंटो में पहली इलेक्ट्रिक कार बनी जो एक बार चार्ज होने पर 15 मील चलती थी। 1905- कश्मीर के शेख मोहम्मद अब्दुल्ला का जन्म। 1926- फोरवेल के टेक्सास शहर में जॉर्ज हासेल ने अपनी पत्नी और आठ बच्चों की हत्या की। 1928- ?ब्रिसबेन में खेले गए पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को रिकॉर्ड 675 रनों से हराया। 1932- भारतीय अभिनेत्री नादिरा का जन्म। 1943- जापान के लड़ाकू विमान ने कलकत्ता (अब कोलकाता) पर बम गिराया। पहली बार यहां दिन में हमला हुआ। 1946- भारत में होमगार्ड संगठन की स्थापना हुई। 1950- सिक्किम भारत का संरक्षित राज्य बना। 1955- लंबी दूरी के टेलीफोन कॉल को घर घर की चीज बना देने वाली एसटीडी सेवा अस्तित्व में आई। 1956- गुलाब हेइलब्रॉन ब्रिटेन की प्रथम महिला न्यायाधीश बनी। 1971- भारत ने बंगलादेश को एक देश के रूप में मान्यता दी। 1974- माल्टा गणराज्य घोषित हुआ। 1989- मुलायम सिंह यादव पहली बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। 1999- भारतीय सुंदरी युक्ता मुखी 'मिस वर्ल्ड' चुनी गई। 2000- अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति चुनाव में जार्ज बुश के पक्ष में फैसला दिया।

नीतू कपूर और वरुण धवन पाए गए कोरोना पॉजिटिव
रोकी गई फिल्म जुग-जुग जियो की शूटिंग

नई दिल्ली। वरुण धवन और नीतू कपूर कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। इससे पहले खबर आई थी कि अनिल कपूर भी कोरोना पॉजिटिव हैं, लेकिन बाद में रिपोर्ट आई कि सिर्फ वरुण और नीतू कोरोना संक्रमित हैं। दरअसल, तीनों चंडीगढ़ में फिल्म जुग जुग जियो की शूटिंग कर रहे थे। फिल्मफेयर की रिपोर्ट के मुताबिक नीतू और वरुण के साथ-साथ फिल्म के डायरेक्टर भी कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। फिलहाल फिल्म की शूटिंग रोक दी गई है।

हाल ही में नीतू ने कोविड टेस्ट कराते हुए अपना वीडियो शेयर किया था। उन्होंने वीडियो शेयर करते हुए लिखा था, 'सेफ्टी पहले।'

बताते चलें कि फिल्म जुग जुग जियो में अनिल कपूर, नीतू और वरुण धवन के अलावा कियारा आडवाणी और प्राजक्ता कोली भी हैं। हालांकि कियारा और प्राजक्ता को लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

नीतू ने लिखा था इमोशनल नोट: नीतू ने फिल्म की शूटिंग करने से पहले एक इमोशनल पोस्ट शेयर किया था। उन्होंने लिखा था, 'सालों बाद सेट पर वापस लौटी हूं। नई शुरुआत के लिए और फिल्मों के मैजिक के लिए, मैं तुम्हारा प्यार और उपस्थिति महसूस कर रही हूं। मां से लेकर कपूर साहब, रणबीर, सभी मेरे साथ रहे। अब मैंने खुद को खुद में ढूंढ लिया है। थोड़ा डर लग रहा है, लेकिन मैं जानती हूं कि तुम मेरे साथ हो।'

वहीं वरुण इस फिल्म की शूटिंग के बीच अपनी नई फिल्म कुली नंबर 1 का प्रमोशन भी कर रहे थे। कुछ दिनों पहले फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ था, जिसे काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। इस फिल्म में वरुण के साथ सारा अली खान लीड रोल में हैं।

परिणीति चोपड़ा ने शेयर की प्रियंका चोपड़ा की ये थ्रोबैक वेडिंग फोटो

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा ने प्रियंका चोपड़ा की शादी के दौरान एक थ्रोबैक फोटो शेयर की है। इस फोटो में प्रियंका चोपड़ा रेड लहंगे में दुल्हन के अवतार में नजर आ रही हैं। प्रियंका के साथ तस्वीर में परिणीति चोपड़ा भी हैं। प्रियंका की वेडिंग के दौरान की फोटो का कमेंट सेक्शन फैन्स की तारीफों से भर गया है। परिणीति ने इस फोटो के साथ कैप्शन लिखा- 'क्वीन के साथ ब्राइडमेड्स।' इस फोटो में प्रियंका चोपड़ा की बेस्ट फ्रेंड तमन्ना दत्ता भी हैं। तमन्ना ऑरेंज कलर के लहंगे में काफी खूबसूरत लग रही हैं। परिणीति की इस पोस्ट पर एक फैन ने कमेंट करते हुए लिखा- बॉलीवुड की क्वीन। एक फैन ने लिखा- सुपर। हजारों की संख्या में फैन्स ने हर्ट और लव इमोजी के साथ परिणीति की इस पोस्ट पर रिएक्ट किया है। परिणीति की इस पोस्ट को कुछ ही समय में 2 लाख से ज्यादा लाइक्स मिल गए हैं। आपको बता दें कि प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस 1 दिसंबर 2018 को शादी के बंधन में बंधे थे।

कंगना रनौत के साथ जुबानी जंग में दिलजीत दोसांझ को मिला प्रिंस नरुला का साथ

नई दिल्ली। किसान आंदोलन को लेकर बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत और पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ के बीच सोशल मीडिया पर जुबानी जंग जारी है। कंगना संग जुबानी जंग में पंजाबी स्टार को एक्टर प्रिंस नरुला का साथ मिला है। प्रिंस नरुला ने दिलजीत के सपोर्ट में इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की है। जो देखते ही देखते वायरल हो गई है। प्रिंस ने दिलजीत दोसांझ को प्लेयर बताया है। प्रिंस ने इंस्टाग्राम पर फैन्स के द्वारा एडिटेड पोस्ट शेयर की है। जिसमें लिखा है- 'कंट्रोवर्सी मेरा रोज का काम, हो चुकी हूं एकदम ढीठ, जब पूरा बॉलीवुड कुछ न कर पाया तू क्या उखाड़ लेगा दिलजीत।' इसके नीचे दिलजीत के फोटो के साथ लिखा है- 'मेरे मुंह न लग ओए, सच्ची कहता हूं बहुत पछताएगी, अगर आज ये जाट बिगड़ गया ना, मनाली से मुंबई ***** करती जाएगी।'

किसान आंदोलन: ट्वीट कर डिलीट करने पर ट्रोल हुए धर्मेंद्र

नई दिल्ली। दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का नया शिकार बने हैं। किसान आंदोलन को लेकर गुरुवार को उन्होंने एक ट्वीट किया था, जिसमें उन्होंने सरकार से किसानों की समस्याओं को जल्दी से हल करने की अपील की थी। हालांकि बाद में उन्हें इस ट्वीट को डिलीट कर लिया था और इसके चलते ही उन्हें ट्रोल किया जा रहा था। शुक्रवार को एक यूजर ने धर्मेंद्र के पिछले ट्वीट का स्क्रीनशॉट शेयर किया था और लिखा था, पंजाबी आइकॉन धर्मेंद्र पाजी ने 13 घंटे पहले यह ट्वीट किया था, लेकिन बाद में डिलीट कर दिया। कुछ तो मजबूरियां रही होंगी...। यूं ही कोई बेवफा नहीं होता।'

इस ट्वीट पर जवाब देते हुए धर्मेंद्र ने तीखा हमला बोला है। उन्होंने लिखा, 'आप के ऐसे ही कॉमेंट्स से दुखी होकर अपना ट्वीट डिलीट कर दिया था। जी भर के गाली दे लीजिए। आपकी खुशी में खुश हूं मैं। हां, अपने किसान भाइयों के लिए बहुत दुखी हूं। सरकार को जल्दी ही कोई हल तलाश कर लेना चाहिए। हमारी किसी की कोई सुनवाई नहीं।'

डिजिटल बैंकिंग में भरोसा बनाए रखने के लिए एचडीएफसी पर हुई कार्रवाई: दास

मुंबई। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को कहा कि डिजिटल बैंकिंग में लोगों का भरोसा बनाये रखने के लिए एचडीएफसी बैंक के ऊपर कार्रवाई की गई। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि प्रौद्योगिकी के मोर्चे पर बैंकों को अधिक निवेश करने की जरूरत है। एचडीएफसी बैंक की डिजिटल सेवाओं में हाल ही में आईदिक्कतों समेत पिछले दो साल के दौरान कई बार आये व्यवधान के मद्देनजर रिजर्व बैंक ने बृहस्पतिवार को एचडीएफसी बैंक के ऊपर कार्रवाई की। निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक को फिलहाल डिजिटल सेवाओं के विस्तार तथा नया क्रेडिट कार्ड जारी करने से रोक दिया गया है।

पहले भी इस तरह की दिक्कतें आई हैं: दास ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की डिजिटल बैंकिंग सेवाओं में हाल ही में आये व्यवधान को लेकर भी नियामक अध्ययन कर रहा है। दास ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, ''एचडीएफसी बैंक के मामले में पहले भी इस तरह की दिक्कतें आई हैं। डिजिटल बैंकिंग और इंटरनेट बैंकिंग में एचडीएफसी बैंक की उपस्थिति अच्छी-खासी है। हमें कुछ कमियों को लेकर चिंताएं हैं। यह आवश्यक है कि एचडीएफसी बैंक अब और विस्तार करने से पहले अपनी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) प्रणाली को मजबूत करे।

आरबीआई गवर्नर ने कहा, ''हम डिजिटल बैंकिंग सेवाओं का इस्तेमाल कर रहे हजारों-लाखों उपभोक्ताओं को एक ही साथ घंटों के लिए समस्याओं से जूझने के लिए नहीं छोड़ सकते हैं, विशेषकर वह भी तब... जब हम डिजिटल बैंकिंग पर इतना जोर दे रहे हैं। डिजिटल बैंकिंग में लोगों के भरोसे को बरकरार रखा जाना चाहिए। एचडीएफसी बैंक संपत्ति के आधार पर निजी क्षेत्र का सबसे बड़ा बैंक है। इसे रिजर्व बैंक पहले ही बैंकिंग प्रणाली के लिए महत्वपूर्ण निकाय के रूप में चिह्नित कर चुका है। यह सबसे अधिक क्रेडिट कार्ड जारी करने वाला बैंक भी है तथा डिजिटल भुगतान के प्रसंस्करण में इसकी बढ़िया हिस्सेदारी है।

सोने-चांदी की कीमतों में फिर गिरावट

नई दिल्ली। सर्राफा बाजारों में दो दिन की तेजी के बाद आज एक बार फिर सोना-चांदी के भाव गिरावट देखने को मिल रहे हैं। शुक्रवार को देशभर के सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोने का हाजिर भाव 70 रुपये प्रति 10 ग्राम सस्ता होकर 49362 रुपये पर खुला। जबकि चांदी 260 रुपये नरम होकर 62858 रुपये प्रति किलो पर खुली। वहीं 22 कैरेट सोना 64 रुपये की गिरावट के साथ 45216 पर आ चुका है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन द्वारा जारी इस रेट और आपके शहर के भाव में 500 से 1000 रुपये का अंतर आ सकता है।

एमवे इंडिया को 2020 में अपनी ट्रेडिशनल हर्ब न्यूट्रीशन कैटेगरी से 100 करोड़ रुपए आने की उम्मीद

स्थानीय साधनों को मजबूत किया

2020 से 2024 तक इस श्रेणी के 32% के सीएजीआर से बढ़ने की उम्मीद

मुंबई। चूंकि उपभोक्ता अब हेल्दी लिविंग के प्रति बहुत जागरूक होते जा रहे हैं, तो हर्बल न्यूट्रीशन कैटेगरी की मांग भी तेजी से बढ़ रही है, जिसके चलते देश की अग्रणी एफएमसीजी डायरेक्ट सेलिंग कंपनियों में से एक एमवे इंडिया को इस साल पारंपरिक जड़ी-बूटियों की श्रेणी से 100 करोड़ रुपए की बिक्री होने की उम्मीद है। हर्बल उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, एमवे भारत में पारंपरिक जड़ी-बूटियों के अर्क के अपने स्थानीय साधनों को मजबूत करने के लिए भी कमर कस रहा है।

भारत सरकार के 'मेक इन इंडिया' अभियान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए, एमवे अपने उच्च गुणवत्ता वाले पोषण उत्पादों के निर्माण के लिए स्थानीय रूप से प्राप्त की गई सामग्री का प्रयोग करता है। पोषण के क्षेत्र में एक अगुआ एमवे अपने पोषण श्रेणी के ब्रांड - न्यूट्रीलाइट के लिए विश्व स्तर पर प्रसिद्ध है। भारत में भी न्यूट्रीलाइट एक महत्वपूर्ण और जाना-माना ब्रांड है। समग्र पोषण और कल्याण को प्राथमिकता देने की प्रवृत्ति के आधार पर, कंपनी पोषण श्रेणी के वर्तमान के 50% से कुछ ज्यादा योगदान के 2024 तक 65% तक पहुंचने की उम्मीद कर रही है।

आठ सदस्य पॉजिटिव आने के बाद पाक को न्यूजीलैंड में अभ्यास की अनुमति नहीं

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड दौरे पर गई पाकिस्तान क्रिकेट टीम के आठ सदस्यों के कोरोना जांच में पॉजिटिव पाये जाने के बाद टीम को अभ्यास की अनुमति नहीं मिल सकी है। नियमों को लेकर काफी सख्त न्यूजीलैंड सरकार के अधिकारियों ने पाकिस्तान को दी गई सारी रियायतें वापस ले ली है। न्यूजीलैंड दौरा कर रही खेल टीमों को मिली रियायत के तहत पाकिस्तान की 53 सदस्यीय टीम को 14 दिन के पृथकवास के तीसरे दिन से क्राइस्टचर्च में होटल के भीतर छोटे समूहों में अभ्यास की अनुमति मिल सकती थी। लेकिन आठ सदस्यों के पॉजिटिव पाये जाने और पहले ही दिन पृथकवास प्रोटोकॉल तोड़ने के बाद न्यूजीलैंड के अधिकारियों ने वह रियायत वापिस ले ली। न्यूजीलैंड के स्वास्थ्य महानिदेशक डॉक्टर एशले ब्लूमफील्ड ने कहा कि पाकिस्तानी टीम को यह रियायत नहीं दी जायेगी। उन्होंने कहा ,'मैने हालात पर बड़ी सावधानी से गौर किया है । अभी भी टीम के भीतर एक दूसरे से संक्रमण फैसले की संभावना है। टीम के भीतर कई पॉजिटिव मामले हैं। कोरोना महामारी से जंग में लोगों की सेहत हमारी प्राथमिकता है।

रेपो रेट: सेंसेक्स ने पहली बार छुआ 45000

नई दिल्ली। आज पहली बार शेयर बाजार ने 45000 के स्तर को छुआ। आरबीआई ने ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया और रेपो रेट को 4 फीसदी पर बरकरार रखा है। आरबीआई की घोषणा के बाद शेयर बाजार पर इसका नजर आया और पहली बार सेंसेक्स ने 45000 का स्तर छुआ। अभी सेंसेक्स 440 अंकों की बढ़त के साथ 44,973 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। निफ्टी 13,210 पर कारोबार कर रहा है।

सुबह शेयर बाजार की शुरुआत हरे निशान के साथ हुई। शुरुआती कारोबार में आज यानी शुक्रवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 33.26 की बढ़त के साथ 44,665.91 के स्तर पर खुला। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी में भी कारोबार की शुरुआत हरे निशान के साथ हुई। निफ्टी 35 अंक चढ़कर 13,177.40 के स्तर पर खुला। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 97.00 अंक चढ़कर 44,729.65 पर व निफ्टी 32.25 अंक बढ़कर 13,166.15 पर कारोबार कर रहा था।

पीएम किसान योजना के 1.38 करोड़ घट गए लाभार्थी

नइ दिल्ली। पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत आने वाली सातवीं किस्त अबतक नहीं आई है। हर चार महीने पर मिलने वाली 2000 रुपये की किस्त किसानों के खाते में एक दिसंबर से आने की संभावना थी, लेकिन कई राज्यों में इस योजना के तहत फर्जीवाड़े की खबरें आई थीं। इसको देखते हुए लाभार्थियों की संख्या 11 करोड़ 35 लाख से घटकर 9 करोड़ 97 लाख रह गई है।

पीएम किसान पोर्टल पर दो दिन पहले यह संख्या 11 करोड़ 35 लाख थी। यही नहीं किस्त-दर-किस्त योजना का लाभ लेने वाले किसानों की संख्या घटती जा रही है। पीएम किसान पोर्टल के मुताबिक पहली किस्त 10.52 करोड़ किसानों को मिली थी, वहीं दूसरी किस्त 9.97 करोड़, तीसरी 9.05 करोड़, चौथी 7.83 करोड़ और पांचवीं किस्त 6.58 करोड़ किसानों तक पहुंची, जबकि छठी किस्त पाने वाले किसानों की संख्या केवल 3.84 करोड़ रह गई है। ऐसे में सातवीं किस्त पाने वाले किसानों की संख्या इससे कम रह सकती है।

AUSvIND | राहुल-जडेजा के बाद छाए चहल और नटराजन

भारत ने जीता पहला टी20 मुकाबला, सीरीज में बनाई 1-0 की बढ़त

कैनबरा। भारतीय टीम ने कैनबरा में दमदार प्रदर्शन करते हुए ऑस्ट्रेलिया को पहले टी20 में 11 रन से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। भारत ने शुक्रवार को कैनबरा के मनुका ओवल में खेले गए मुकाबले में 20 ओवर में 7 विकेट पर 161 रन बनाए जिसके बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम 7 विकेट पर 150 रन ही बना सकी। सीरीज का दूसरा टी20 मैच सिडनी में 6 दिसंबर को खेला जाएगा।

162 रन के टारगेट का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम ने के लिए कैप्टन आरोन फिंच और डी आर्सी शॉर्ट ने 56 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की लेकिन फिर भारतीय गेंदबाजों ने दबाव बनाया। मेजबान टीम के विकेट नियमित अंतराल पर गिरते रहे और टीम मुकाबला हार गई। भारत के लिए युवा पेसर टी नटराजन और युजवेंद्र चहल ने 3-3 विकेट लिए। वहीं, दीपक चाहर को एक विकेट मिला।

ऐसी रही ऑस्ट्रेलिया की पारी

ऑस्ट्रेलिया के लिए कैप्टन आरोन फिंच ने सर्वाधिक 35 रन बनाए। उन्होंने 26 गेंदों की अपनी पारी में 5 चौके और एक छक्का जड़ा। उनके अलावा शॉर्ट ने 38 गेंदों पर 3 चौकों की मदद से 34 रन बनाए। वहीं, ऑलराउंडर हेनरिक्स ने 20 गेंदों पर 30 रन बनाने के दौरान एक चौका और एक छक्का लगाया। सीन एबॉट और मिशेल स्वेप्सन 12-12 रन बनाकर नाबाद लौटे।

नटराजन और चहल का जलवा

मेजबान टीम के विकेट नियमित अंतराल पर गिरते रहे। भारत के लिए अपना पहला टी20 इंटरनैशनल मैच खेल रहे युवा पेसर टी नटराजन ने कमाल का प्रदर्शन किया और 30 रन देकर 3 विकेट झटके। कनकशन सब्स्टीट्यूट युजवेंद्र चहल ने 25 रन देकर 3 विकेट लिए जो मैन ऑफद मैच चुने गए। पेसर दीपक चाहर को एक विकेट मिला।

ऑस्ट्रेलिया को मिला 162 का टारगेट

भारत ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 161 रन बनाए और मेजबान ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 162 रन का टारगेट मिला। लोकेश राहुल ने सर्वाधिक 51 रन बनाए। उनके अलावा रविंद्र जडेजा ने नाबाद 44 और संजू सैमसन ने 23 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया के पेसर हेनरिक्स ने 4 ओवर में 22 रन देकर सर्वाधिक 3 विकेट झटके जबकि मिशेल स्टार्क ने 2 विकेट लिए।

राहुल की फिफ्टी

ओपनर लोकेश राहुल ने टी20 क्रिकेट में शानदार फॉर्म बरकरार रखते हुए अर्धशतक जमाया। उन्होंने 40 गेंद में 51 रन बनाए। राहुल ने अपनी पारी में पांच चौके ओर एक छक्का लगाया। राहुल ने हेजलवुड को थर्डमैन पर पहला चौका लगाया। इसके बाद जम्पा को कवर ड्राइव पर चौका जड़ा।

इंग्लैंड में महीनों बाद में मैदान पर लौटे दर्शक, देखा लाइव मैच

लंदन। इंग्लैंड में कोविड-19 के कारण महिनों मैदान से दूर रहे दर्शक एक बार अपने अपनी टीम का हौसला बढ़ाने के लिए मैदान पर पहुंचने लगे हैं। टोटेनहम के खिलाफ यूरोपा लीग मैच में आर्सनल के समर्थक एक दूसरे से दूर बैठकर ही पूरे जोश के साथ टीम की हौसला अफजाई करते दिखे। इंग्लैंड में 11 मार्च के बाद दर्शकों को मैदान में जाने की अनुमति दी गई।

आर्सनल ने यह मैच 4-1 से जीता जिसमें अलेक्जेंड्रे लाकाजेटे ने पहला गोल दागा। उन्होंने कहा ,'दर्शकों का होना सुखद था । इससे हमें अच्छे प्रदर्शन में मदद मिली।' इंग्लैंड में मार्च के बाद शीर्ष स्तरीय फुटबॉल में पहली बार दर्शकों को मैदान में प्रवेश की अनुमति दी गई। अमीरात स्टेडियम के भीतर दो हजार दर्शक जमा थे।

यूरोपीय देशों में ब्रिटेन में कोरोना वायरस संक्रमण से सर्वाधिक मौते हुई हैं। आर्सनल के मैच के एक दिन पहले ही 414 लोगों ने वायरस संक्रमण से दम तोड़ा। कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर के बीच हालांकि दर्शकों को स्टेडियम में आने की अनुमति देने वाला यह पहला देश है।

प्रशंसकों से मास्क पहनने, हाथ मिलाने या गले लगने के बचने का अनुरोध किया गया। फिलहाल घरेलू टीम के प्रशंसकों को ही मैदान में आने की अनुमति है। प्रीमियर लीग में आर्सनल के खिलाफ मैच में टोटेनहम के समर्थक ही आ सकेंगे।

बुरेवी चक्रवात से छाये रहेंगे बादल तापमान भी बढ़ेगा

किसनों को धान फसल कटाई कर सुरक्षित रखने की सलाह।

बीजापुर (नव प्रदेश)। जिले के कृषि विज्ञान केन्द्र से मिली जानकारी के अनुसार बुरेवी चक्रवात के असर से बीजापुर जिले के सभी ब्लाकों में हल्के बादल छाये रहने के आसार हैं, वहीं एक-दो स्थानों पर कहीं-कहीं बूंदा-बांदी की भी संभावना है। बादल छाये रहने के कारण तापमान में एक से दो डिग्री बढ़ने की संभावना है, हालांकि अभी रात के तापमान में गिरावट आयी है, जिसके कारण ठंड बढ़ी है। कृषि विज्ञान केन्द्र बीजापुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख अरूण कुमार सकनी ने किसानों को सलाह दी है कि धान फसल की कटाई हेतु रिपर का भी प्रयोग करें, जिससे प्रति घण्टा एक एकड़ के धान की कटाई की जा सकती है। बे मौसम बारिश से होने वाले नुकसान से बचने के लिए कटे हुए धान को सुरक्षित स्थान में रखें। धान का भंडारण 12 प्रतिशत नमी की अवस्था में करें। धान के बीज को दांतों के बीच रखकर काटने से अगर कट की आवाज आती है, तो यह माना जाता है कि इस अवस्था में धान को संरक्षित कर सुरक्षित जगह पर भंडारण करना चाहिए।

जिले के प्रभारी मंत्री उमेष पटेल ने विडियों कांफ्रेंस के माध्यम से ली बैठक

सूरजपुर (नव प्रदेश)। जिला खनिज संस्थान न्यास अंतर्गत शासी परिषद् की बैठक उच्च षिक्षा एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री उमेष पटेल की अध्यक्षता में जिला पंचायत सूरजपुर के सभाकक्ष से विडियों कांफ्रेस के माध्यम से संपन्न हुई। जिला पंचायत सभाकक्ष में संसदीय सचिव एवं भटगांव विधायक श्री पारसनाथ राजवाड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी मरावी, उपाध्यक्ष श्री नरेष राजवाड़े, विधायक प्रतिनिधि श्री कुमार सिंहदेव एवं जिला सीईओ श्री आकाष छिकारा, अपर कलेक्टर श्री एस.एन.मोटवानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजुद थे। इस बैठक में कलेक्टर रणबीर शर्मा अपने कक्ष से ही विडियों कांफ्रेस के माध्यम से जुड़े। बैठक में पिछले वर्षो के स्वीकृत कार्यो में कितने कार्य पूर्ण एवं कितने कार्य निरस्त किए गए हैं, तथा इस वित्तीय वर्ष हेतु कितने कार्यो की कार्ययोजना बनाई गई है इस संबंध में जानकारी ली। अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री पुष्पेन्द्र शर्मा ने जिला खनिज संस्थान न्यास के अंतर्गत जिले के विकास के लिए ग्राम पंचायतों, जनपद पंचायतों, जिला पंचायत, नगरीय निकाय, शासकीय विभाग एवं राज्य अथवा केन्द्र सरकार के सार्वजनिक प्रक्षेत्र के उपक्रमों से प्राप्त प्रस्ताव, परियोजनाओं, वार्षिक योजना, अनुमोदित एवं परियोजनाओं का प्रबंधकारिणी समिति द्वारा पर्यवेक्षण कर तैयार किए गए वित्तीय वर्ष 2020-21 के कार्ययोजना का अनुमोदन, वित्तीय वर्ष 2019-20 में स्वीकृत कार्यो का अनुमोदन तथा वार्षिक प्रतिवेदन कार्ययोजनाओं की जानकारी दी। बैठक में प्रभारी मंत्री श्री उमेष पटेल ने शासन की महत्वकांक्षी योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देष दिए। उन्होनें जनप्रतिनिधियों के प्राप्त विकास कार्यो के प्रस्ताव को भी प्राथमिकता के साथ निराकरण करने निर्देषित किया है। बैठक में वित्तीय वर्ष 2020-21 के कार्ययोजना में बैजनपाठ ग्राम के विकास हेतु 60 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदाय की गई है। इसके अतिरिक्त अन्य विकास कार्यो का अनुमोदन किया गया है।

कलेक्टर ने ली निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक

बीजापुर (नव प्रदेश)। जिले में विभिन्न मदों के तहत् स्वीकृत निर्माण कार्यो को योजनाबद्ध ढंग से संचालित कर निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाये। इस दिशा में निर्माण कार्यो को आरंभ करने के पूर्व निर्माण सामग्री एवं उपकरण की उपलब्धता सहित पर्याप्त श्रमिकों की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाये और निरंतर तेजी के साथ निर्माण कार्य को संचालित किया जाये। वहीं निर्माण कार्यो का नियमित रूप से मॉनिटरिंग कर गुणवत्ता और तकनीकी मापदण्डों का परिपालन सुनिश्चित किया जाये। जिले में सड़क तथा पुल-पुलिया निर्माण कार्यो को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर संचालित करने सहित नियत अवधि में पूर्ण किया जाये। वहीं पेयजल प्रदाय योजनाओं को ग्रीष्मकाल के पहले पूर्ण किया जाये। उक्त निर्देश कलेक्टर श्री रितेश कुमार अग्रवाल ने कलेक्टोरेट में आयोजित निर्माण कार्यो की समीक्षा बैठक के दौरान निर्माण एजेंसीज के अधिकारियों को दिये। कलेक्टर रितेश अग्रवाल ने बैठक के दौरान एजेंसीवॉर निर्माण कार्यो की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के विकास में निर्माण कार्यो का अहम योगदान है, जिसमें सड़क पुल-पुलिया, पेयजल प्रदाय योजना, स्कूल, आश्रम-छात्रावास भवन, स्वास्थ्य केन्द्र भवन, सिंचाई संसाधन, विद्युतीकरण आदि सम्मिलित हैं। इन सभी निर्माण कार्यो के पूर्ण होने पर आम जनता को सहूलियत होगी। इसके साथ ही विभिन्न योजनाओं तथा विकास कार्यो के कार्यान्वयन में सहायता मिलेगी। इसे मद्देनजर रखते हुए उक्त निर्माण कार्यो को योजनाबद्ध ढंग से तेजी के साथ संचालित कर निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाये।

फसल का मूल्य 72 घंटो के भीतर भुगतान करना सुनिश्चित करें सरकार : मुदलियार

उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की सुचारू व्यवस्था हो

नव प्रदेश संवाददाता

बीजापुर। इस वर्ष का धान की फसल की खरीदी प्रक्रिया 1 दिसंबर से प्रारंभ हो चुकी है। लेकिन पीड़ा के साथ स्मरण कराना चाहूंगा ,कि विगत सत्र में शासन की धान खरीदी व्यवस्था काफी लचर रही थी।प्रदेश भर में किसानों के साथ बर्बरतम व्यवहार भी किया गया ,प्रदेश में किसानों की ही चुनी हुई सरकार द्वारा जिस तरह से किसान प्रताड़ित किए गए, वह एक दुखद अध्याय था। विगत वर्ष के पुराने अनुभवों के आलोक से सरकार से भारतीय जनता पार्टी जिला इकाई बीजापुर मांग करती है कि - धान के कीमत की कुल राशि एकमुश्त दिया जाए, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए कृषि कानून में यह स्पष्ट रूप से तय किया है ,कि किसानों को उनकी उपज का मूल्य 3 दिनों के भीतर मिल जाए। 15 वर्ष के भाजपा शासन में हमेशा किसानों को 24 घंटे के भीतर उपज का भुगतान होता रहा लेकिन अफसोस की बात है कि इस बार पिछले फसल की ही पूरी कीमत का भुगतान अब तक नहीं हुआ है इस वर्ष से केंद्र के नए कानून का पालन करते हुए 72 घंटे के भीतर एकमुश्त भुगतान करना सुनिश्चित करें।

भंडारण-परिवहन के नाम पर अब किसानों की प्रताडना न हो - पिछले वर्ष धान के भंडारण और परिवहन के नाम पर किसानों के साथ अत्याचार हुआ था। किसानों के साथ कांग्रेस सरकार ऐसे पेश आ रही थी मानो धान का नहीं भांग गांजे की खेती कर ली हो ।केंद्र की मोदी सरकार ने कानून बनाकर अब सभी किसानों को भंडारण परिवहन की आज़ादी दी गई है।

प्रति एकड़ न्यूनतम 20 क्विंटल धान खरीदा जाए केंद्र की भाजपा सरकार ने केंद्रीय पूल में डेढ़ गुना अधिक चावल खरीदने की घोषणा की है - अब केंद्र सरकार छग से 60 लाख टन चावल क्रय करेगी। केंद्र से चावल के इस मद में 9 हज़ार करोड़ रुपया हाल में ही प्रदान किया गया।60 लाख टन चावल के लिए 90 लाख टन धान की जरूरत होगी, जिस कारण खरीदी की सीमा को 15 क्विंटल बढ़ाकर 20 क्विंटल प्रति एकड़ किया जाए।

विगत वर्ष बारदाने की अभाव को लेकर किसानों को भारी अव्यवस्थाओं के दौर से गुजरना पड़ा शासन प्रशासन इस विषय पर गंभीर चिंतन करें और किसानों को बारदाने की पर्याप्त व्यवस्था करवाएं। टोकन जारी पद्धति व्यवस्थित करें - टोकन जारी सभी किसानों को व्यवस्थित ढंग से करें विगत वर्ष शासन प्रशासन की गंभीर लापरवाही के चलते टोकन जारी के बावजूद किसानों का धान खरीदा नहीं गया।

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस में सम्मानित हुए दिव्यांग

नव प्रदेश संवाददाता

कोण्डागांव। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 03 दिसंबर को कोण्डागांव जिले के समस्त विकासखंडों में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस का आयोजन किया गया। राज्य शासन द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार कोविड-19 के दिशा निर्देशों एवं सामाजिक दूरी का पालन करते हुए ऑनलाइन दिव्यांग दिवस मनाये जाने की सूचना प्रसारित की गयी थी। जिसके तहत जिले के समस्त विकासखंडों में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक तथा बी.आर.पी. समावेशी शिक्षा के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें गृह आधारित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे दिव्यांग बच्चों के पालकों से संपर्क कर वर्चुअल रंगोली, पेंटिंग (चित्रकला) कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कोरोना संक्रमण के कारण शालाएं बंद होने पर मोहल्ला क्लास में दिव्यांग बच्चों को सम्मिलित कर विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की प्रतिभा को निखारने हेतु स्पोर्ट एवं अन्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए पेंटिंग, रंगोली, निबंध, स्लोगन, भाषण आदि प्रतियोगिता का ऑनलाईन आयोजन। गृह आधारित शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों के लिए कोविड-19 के संक्रमण से बचाव एवं वर्तमान परिस्थिति में बच्चों के जीवन कौशल के सुचारू संचालन संबंध में उनके पालकों के साथ वर्चुअल मीटिंग आयोजित किया गया।

भूपेश सरकार के बड़े फैसले पर युवा इंजीनियर ने व्यक्त किया आभार

नव प्रदेश संवाददाता

बचेली। छत्तीसगढ़ में 15 वर्षो बाद कांग्रेस की सरकार बनने के बाद से ही लगातार हर वर्ग का ध्यान रखते हुए बहुत से ऐतिहासिक फैसले यहां की गरीब, किसानों, आदिवासी जनता, महिलाओं, छात्रों के हित में, कुपोषित बच्चों के साथ साथ अब बेरोजगार युवाओं के लिए भी सार्थक कदम उठाए। बेरोजगार इंजीनियर एवं दंतेवाड़ा युवा कांग्रेस नेता जोगराज बुरड़ ने बताया कि एक परिवार को अपने बच्चे को इंजीनियर बनाने के लिए लाखों रुपए खर्च कर देते है जिसका अब तक उचित प्रयास किसी भी सरकार ने अब तक कोई सुध नहीं ली जिसका अब कांग्रेस की भूपेश सरकार ने इन बेरोजगार इंजीनियरों का ध्यान रखते हुए जो भी लोक निर्माण विभाग एवं अन्य निकायों से निविदा आमंत्रण की जाएगी उसमे 20 लाख रुपए से अधिक लागत के कार्यों में डिप्लोमा इंजीनियर एवं 1 करोड़ से अधिक के कार्यों में स्नातक इंजीनियर नियुक्ति करने का प्रावधान को अनिवार्य किया गया है जिससे बेरोजगार युवा इंजीनियर को भी अब महीने में न्यूनतम भुगतान करने से उनके भी आय के साधन खुल गए है जिसको अनिवार्य रूप से पालन करवाने के निर्देश मुख्य सचिव को किया गया।

विकास कार्यो को प्रशासकीय स्वीकृती के आदेश जारी

सूरजपुर (नव प्रदेश)। कार्यालय संभागीय आयुक्त सरगुजा संभाग अम्बिकापुर सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण प्रकोष्ठ के द्वारा स्वीकृति उपरांत सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण हेतु प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा के द्वारा कार्यो की प्रषासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी प्रकार ग्राम बरबसपुर में सी.सी.रोड़ निर्माण गौटियापारा में 200 मीटर हेतु 5 लाख 20 हजार रूपये, ग्राम जगन्नाथपुर में पुलिया निर्माण ग्राम पंचायत जगन्नाथपुर खपरापारा पहुंच मार्ग पर नाला में हेतु 7 लाख रूपये, ग्राम बरबसपुर में पुलिया निर्माण उखडियापारा मार्ग में रतन घर के पास हेतु 6 लाख 50 हजार रूपये के कार्य के स्वीकृत आदेश जारी किया गया है।

2 नाबालिक लड़कियों का बाल विवाह संयुक्त टीम ने घर पहुंच कर रोका

नव प्रदेश संवाददाता

सूरजपुर। विवाह का सीजन आते ही नाबालिकों के बाल विवाह की शिकायतें प्राप्त होने लगी है। चाईल्ड हेल्प लाईन नवम्बर 1098 पर शिकायत प्राप्त हुई कि ग्राम-जूर जनपद पंचायत भैयाथान से एक नाबालिक लड़की का विवाह होने जा रहा है। जिले के कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा के निर्देश पर संयुक्त टीम का गठन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री मुक्तानंद खूटे द्वारा उम्र के सत्यापन के निर्देश पर उम्र सत्यापन पर पता चला कि बालिका सिर्फ16 वर्ष 06 माह की है। जिसपर जिला कार्यक्रम अधिकारी के दिशा निर्देश पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल के नेतृत्व में टीम महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई, चाईल्ड लाईन, पुलिस की संयुक्त टीम ग्राम जूर गई जहां परिवार के लोगों ने बालिका के स्थान पर उसकी बहन को प्रस्तुत किया गया पुछ-ताछ करने पर मामला प्रकाश में आया की बालिका खुलासे के बाद परिजन टीम से माफी मांगते हुए वास्तविक लड़की को प्रस्तुत किये। बालिका के पिता एवं उसके परिजनों को समझाईस दी गई और बाल विवाह करने पर होने वाले दुष्परिणामो एवं सजा के संबंध में बताने पर वे विवाह नहीं करने का पंचनामा कथन दिये। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि गांव में ही एक और बालिका का बाल विवाह हो रहा है उसे क्यों नहीं रोका जा रहा है तब टीम जाकर बालिका के उम्र संबंधित दस्तावेज मांग किये तो नहीं है, बताया गया। गांव के प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक को बुला कर जब दाखिल-खारीज पंजी का अवलोकन किया गया तो बालिका मात्र 15 वर्ष 11 माह की निकली।

दिव्यांगजन दिवस पर दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित

■ **दिव्यांगजनों को मिला यूडीआईडी कार्ड**

नव प्रदेश संवाददाता

बीजापुर। दिव्यांगजन दिवस के उपलक्ष्य में दिव्यांग व्यक्तियों के सम्मान के प्रति समाज में सकारात्मक वातावरण एवं दृष्टिकोण विकसित करने हेतु कलेक्टर रितेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में 03 दिसम्बर को जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस समारोह का आयोजन जनपद पंचायत बीजापुर में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष बीजापुर राधिका तेलम, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष बीजापुर सोनू पोटाम तथा अन्य पंचायत पदाधिकारियों सहित उपसंचालक समाजकल्याण उमेश कुमार पटेल उपस्थित रहे। जिसमें लाभान्वित दिव्यांगजन 100 प्रतिशत दृष्टिबाधित दिव्यांग बंधु जयकिशोर एण्ड्रिक, निवासी ग्राम चेरपाल जिला बीजापुर को स्मार्टकेन ब्लाईड स्टिक, 80 प्रतिशत अस्थिबाधित दिव्यांग भगिनी राजेश्वरी उरसा निवासी ग्राम नैमेड़ को ट्रायसाईकिल एवं अन्य दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदाय किया गया। इसी तारतम्य में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस 2020 के अवसर पर जनपद पंचायत भैरमगढ़ में कुल 15 दिव्यांगजनों को यूडीआईडी कार्ड एवं सहायक उपकरण जनपद पंचायत उसूर में 07 दिव्यांगजनों को यूडीआईडी कार्ड एवं सहायक उपकरण एवं जनपद पंचायत भो.पटनम में 05 दिव्यांजनों को यूडीआईडी कार्ड एवं सहायक उपकरण प्रदाय किया गया। इस दौरान उपसंचालक समाज कल्याण उमेश कुमार पटेल के द्वारा दिव्यांग बंधु- भगिनियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिये प्रोत्साहित कर दिव्यांगजनों हेतु दिव्यांग पेंशन योजना, निःशक्त छात्रवृत्ति, स्वरोजगार ऋण, निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना आदि से अवगत कराया।

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु 30 तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

नव प्रदेश संवाददाता

बीजापुर। आदिवासी विकास विभाग द्वारा जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय, पॉलीटेक्नीक तथा आईटीआई में अध्ययनरत् अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं से पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति हेतु 30 दिसम्बर 2020 तक ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। शैक्षणिक सत्र 2020-21 के तहत् उक्त पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया वेबसाईट पर लॉगिन कर पूरी की जा सकती है। जिसके तहत् छात्र-छात्राओं द्वारा नवीन एवं नवीनीकरण छात्रवृत्ति सम्बन्धी ऑनलाईन आवेदन 30 दिसम्बर 2020 तक किया जाना अनिवार्य है। उक्त निर्धारित तिथियों के पश्चात शिक्षा सत्र 2020-21 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑफलाईन अथवा ऑनलाईन किसी भी प्रकार के आवेदन पत्र स्वीकृत नहीं किये जायेंगे और ड्राफ्ट प्रपोजल अथवा स्वीकृति आदेश लॉक करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जायेगा।

राज्य शासन के दिषा निर्देशों एवं मापदण्ड के अनुसार करें धान की खरीदी - कलेक्टर रणबीर शर्मा

■ **कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर धान खरीदी हेतु कलेक्टर ने दिये आवश्यक निर्देष**

सूरजपुर। कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में धान खरीदी से संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक लेकर खरीदी कार्यो की समीक्षा करते हुए आवष्यक दिषा निर्देष दिये। जिसमें जल्द से जल्द खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 में खरीदे गये धान का शत् प्रतिषत उठाव समितियों से कराने निर्देषित करते हुए कहा कि खरीदी प्रारंभ हो चुकी है, राज्य शासन के दिषा निर्देषों एवं मापदण्ड के अनुसार धान की खरीदी किया जाना है एवं धान खरीदी में कोई समस्या न आयें इसके लिए उपार्जन केन्द्र में पर्याप्त स्टेंकिग हेतु स्थान, डेञनेज की अच्छी व्यवस्था साथ ही मौसम को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त तारपोलीन भी सुनिष्चित करना आवष्यक है। इसके लिए उन्होनें समस्त राजस्व अमले सहित खाद्य विभाग के अमले को सक्रिय होकर केन्द्रों में व्यवस्था सुनिष्चित करने कहा है।

कलेक्टर ने खाद्य अधिकारी को राईस मिलर्स से आवेदन कराना प्रारंभ करने कहा जिससे मिलर्स का पंजीयन कार्य के पष्चात् इस वर्ष 2020-21 खरीदी किये जा रहे धान का समितियों से धान का उठाव कराया जा सके। जहॉ समितियों मे लक्ष्य अनुसार बारदाना जमा नहीं किया गया है, वहॉ शीघ्र बारदाना पहुॅचाने जिला विपणन अधिकारी को निर्देषित किया। उपार्जन केन्द्रो पर नियुक्त किये गये निगरानी दल को केन्द्र पर कोविड-19 गाईडलाइन का भी पालन सुनिष्चित करने कहा है, जिसमें किसानों को भी समझाईष देकर मास्क अनिवार्य रूप से पहनने हेतु जागरूक करने निर्देषित किया है।

इस दौरान बैठक में अपर कलेक्टर श्री एस.एन. मोटवानी, सूरजपुर एसडीएम श्री पुष्पेन्द्र शर्मा, समस्त तहसीलदार व नायब तहसीलदार, खाद्य अधिकारी श्री संदीप भगत, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएॅ श्री जी.एस.शर्मा, जिला विपणन अधिकारी श्री बी.एस. टेकाम , नोडल अधिकारी सहकारी बैंक, समस्त खाद्य निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

भारत ने चीन को दिखाया..

तैनात किया गया है, ताकि दुश्मन के किसी भी विमान को भारतीय वायु अंतरिक्ष का उल्लंघन पर जवाबी कार्रवाई के लिए तैनात किया गया है। सूत्रों की माने तो आकाश सबसे सफल स्वदेशी हथियार प्रणालियों में से एक है और यह रक्षा बलों की स्वदेशी हथियारों से युद्ध करने की उम्मीदों पर भी खरा उतरता है।

वैक्सिन अगले कुछ...

और वैज्ञानिकों से हुई बातचीत के आधार पर यह कहा जा सकता है कि देश में अगले कुछ हफ्तों में कोरोना की वैक्सीन तैयार हो जायेगी। वैक्सीन आने के बाद देश में इसके टीकाकरण का काम शुरू कर दिया जायेगा। कीमत के लिए केन्द्र सरकार राज्यों के साथ बात कर रही है और उनकी सलाह को भी इसमें तरजीह दी जायेगी।

आवेदन किया जाएगा तो..

है। इसमें सुजल ने बताया कि वह नीट 2020 में शामिल हुए। वह नीट 2020 में शामिल हुए हैं। अंबिकापुर व राजनांदगांव को छोड़कर राज्य के अन्य शासकीय मेडिकल कॉलेजों में ईडब्ल्यूएस कोटे के लिए सीट आवंटित की गई है। एनएमसी हर साल 10 प्रतिशत सीटें देता है, लेकिन इस वर्ष अंबिकापुर व राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज को छोड़ दिया गया।

अब वाट्सएप पर...

भी मिलेगी। रेलफॉय ऐप को मुंबई के स्टार्टअप द्वारा बनाया गया है। इस ऐप के जरिए पीएनआर स्टेटस की जानकारी प्राप्त करने के लिए 91 98811 93322 नंबर पर 10 डिजिट का पीएनआर नंबर शेयर करना होगा। इसके बाद उस यात्री को नियमित तौर पर उस पीएनआर स्टेटस से जुड़ी अद्यतन जानकारी मिलती रहेगी।

पिछले व अगले स्टेशन की भी मिलेगी जानकारी :

यात्री की ट्रेन की टिकट वेटिंग पर है या कन्फर्म इस बारे में भी जानकारी मिलेगी। इसके अलावा ट्रेन लेट होने की भी जानकारी उसे मिलेगी। इसके साथ ही ट्रेन में बैठे यात्री को अगले व पिछले स्टेशन समेत अन्य जानकारियां भी मिलेगी।

60 लाख से अधिक यात्री लेते हैं गूगल की मदद:

रेलफॉय की ओर से मीडिया को दी गई जानकारी के अनुसार हर महीने 60 लाख से अधिक ट्रेन यात्री ट्रेन संबंधी जानकारी सर्च इंजन गूगल पर विश्वास रखते हैं। उसी पर आश्रित रहते हैं। लेकिन ट्रेन के लाइव स्टेटस की योग्य जानकारी नहीं मिलती। लेकिन अब रेलफॉय ने दावा किया है कि अब ट्रेन संबंधी संपूर्ण जानकारियां ऐप पर उपलब्ध होगी।

न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

विवाह प्र. क्र. 189/ब-121/2019-20

ग्राम कुरदा तहसील मालखरौदा

आवेदक अरविंद कुर्रे उम्र 27 वर्ष पिता श्री नरेश कुर्रे जाति सतनामी निवसी कुरदा तहसील व थाना मालखरौदा जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

एवं आवेदिका कु. रेशमा बेगम उम्र 22 वर्ष पिता श्री जाफरखान जाति मुसलमान निवासी ग्राम मीलूपारा तहसील व थाना तमनार जिला रायगढ़ (छ.ग.)

बनाम

छत्तीसगढ़ शासन

ईश्तहार

आम जनता ग्राम कुरदा तहसील मालखरौदा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक अरविंद कुर्रे उम्र 27 वर्ष पिता श्री नरेश कुर्रे जाति सतनामी निवासी कुरदा तहसील व थाना मालखरौदा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिक कु. रेशमा बेगम उम्र 22 वर्ष पिता श्री जाफरखान जाति मुसलमान निवासी ग्राम मीलूपारा तहसील व थाना तमनार जिला रायगढ़ (छ.ग.) द्वारा संयुक्त रूप से विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 केत हत आशयित विवाह की सूचना आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 10.12.2020 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24.09.2020 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे न्यायालय से जारी किया गया।

सील

विवाह अधिकारी
जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा बिलासपुर संभाग, बिलासपुर (छ.ग.)

ई-निविदा आमंत्रण सूचना (द्वितीय आमंत्रण)

NIT No.11/2020-21

ज्ञा.क्र. 928/टेण्डर/वलेलि/ग्रा.यां.सेवा/2020 — बिलासपुर, दिनांक 28.11.20

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग के पंजीकृत ठेकेदार से निम्न दर्शित कार्यों हेतु मुख्य अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा जारी एवं दिनांक 01.06.2015 से लागू दर अनुसूची के आधार पर फार्म-''ए'' में आनलाईन (Online) निविदा प्रतिशत दर पर दिनांक 08.12.2020 तक आमंत्रित की जाती है :-

आनलाइन सिस्टम निविदा क्र.	कार्य का नाम/स्थान	ठेके की अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	4
67422, 67423	जोनल निविदा वि.खं. कोटा एवं तखतपुर अंतर्गत विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्य यथा रोड, भवन, नाली आदि प्रत्येक कार्य 10.00 लाख के अंतर्गत	80.00

NOTE :-

01. निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा (परिशिष्ट -2.10) एवं निविदा दस्तावेज (परिशिष्ट- 2.13) यथा संशोधित व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in अथवा http://cg.nic.in/resworks कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बिलासपुर

जी-85361/4

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- रविशंकर शुक्ला*
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2020-2022, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

जनता के सुझाव से हम बनाएंगे शक्ति शहर को और बेहतर: जायसवाल

नव प्रदेश संवाददाता

शक्ति। आने वाले वर्षों में हम आप सभी मिलकर इस शक्ति शहर को तथा यहां की व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर बनाएंगे एवं स्वच्छता को लेकर शक्ति शहर में कुछ कमियां अवश्य रही है, किंतु इन कमियों को आपके सुझावों से सुधारना ही मेरी जिम्मेदारी एवं मेरा लक्ष्य है, उक्तआशय की बातें नगर पालिका शक्ति की अध्यक्ष श्रीमती सुषमा दादू जायसवाल ने 4 दिसंबर को नगर पालिका सभागार में आयोजित एक पत्रकार वार्ता के दौरान कही, इस दौरान शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष त्रिलोकचंद जायसवाल दादू एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी जफर खान भी प्रमुख रूप से उपस्थित थे, श्रीमती सुषमा दादू जायसवाल ने बताया कि जनवरी 2020 में उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने के बाद निरंतर शहर को

स्वच्छता के क्षेत्र में अग्रणी बनाने तथा शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप स्वच्छता को लेकर जन जागरूकता लाने हेतु सभी के सहयोग से एक अभियान प्रारंभ किया,किन्तु संयोगवश इसके बाद से ही निरंतर कोरोना की महामारी चलते स्वच्छता को लेकर प्रारंभ

नगर पालिका अध्यक्ष सुषमा जायसवाल हुई पत्रकारों से रूबरू

किए गए इस मिशन में कुछ कमियां जरूर रही, किंतु इन कमियों को हम आप सभी मिलकर दूर करेंगे एवं हमारा शक्ति शहर स्वच्छता के मामले में पूरे प्रदेश में अग्रणी स्थान पर रहे यही मेरी प्राथमिकता है, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुषमा दादू जायसवाल ने कहा कि शक्ति विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत के प्रयासों से शक्ति शहर को आने वाले वर्षो में एक नई जल आवर्धन योजना के रूप में बड़ी उपलब्धि मिलने वाली है, तथा विधानसभा अध्यक्ष एवं नगर पालिका शक्ति के संयुक्त प्रयासों से जांजगीर-चांपा जिले के अंतिम छोर में स्थित मिरौनी डैम से पाइपलाइन बिछाकर सक्ती शहर सहित अन्य ग्रामीण एवं शहरी निकायों को पेयजल की आपूर्ति बारहो महीने उपलब्ध होगी, इस हेतु प्रक्रिया जारी है, तथा वर्तमान में राज्य के बिलासपुर, रायपुर में करीब पांच-पांच सौ करोड़ की लागत से बेस्ट सॉलिड मैनेजमेंट के प्लांट स्थापित किए गए हैं, तथा शक्ति शहर के भी कचरे को व्यवस्थित करना एवं यहां नालियों के गंदे पानी को पीने के लायक बनाना ही उनकी प्राथमिकता है,इस हेतु उपरोक्त क्षेत्र के तकनीकी जानकारों से आवश्यक चर्चा कर शक्ति शहर में भी उपरोक्त कार्य को गति देने के लिए वे प्रयासरत है, एवं सभी के सहयोग से यह कार्य निश्चित रूप से सफल होगा, श्रीमती जायसवाल ने पत्रकारों से रूबरू होते हुए कहा कि कोरोना काल के दौरान नगर पालिका द्वारा भी यथासंभव शहर में लोगों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने तथा शासन के दिशा निर्देशों का पालन करवाने पहल की गई।

न्यूज गैलरी

काजल ने दिव्यांग दिवस पर रंगोली बनाकर बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का दिया संदेश

कांकेर (नव प्रदेश)। विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर राज्य स्तर पर विद्यालय स्तरीय चित्रकला,रंगोली निबंध,स्लोगन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय एम,जी,वार्ड की छात्रा कु,काजल सिंह रंगोली बेटी पढ़ाओ थीम पर प्रस्तुत किया जिसे राज्य की टीम ने सराहा काजल को खंड शिक्षा अधिकारी भुवन जैन,प्रधान अध्यापक मोहन सेनापति सरोज पांडे,खुशाल गजबिये,राधवेंद्र कंचन,वीणा साहू,टी,आर, ठाकुर,शबाना सिंह,श्री गणेश रवानी,माधुरी नेताम,भोजराज रजक,पार्षद मीना उके,रूखमणी यादव,अनिता गायकवाड़,भूपेंद्र महन्त एवम विद्यालय के बच्चों ने शुभकामनाएं दी।

एसईसीएल की खदानें पर डीजल कोयला व कबाड़ चोरो की गिद्ध नज़र

कोरबा (नव प्रदेश)। कोयला खदानों में डीजल, कबाड़ एवं कोयला चोरी का सिलसिला जारी रहने से एसईसीएल कंपनी एक तरफ बड़ी चुनौती से जूझ रही है तो दूसरी तरफ सवाल खड़ा हो रहा है कि आखिर संगठित चोर गिरोह इस तरह की हरकतें क्या अपने स्तर पर कर रहा है या उसे किसी का वरदान प्राप्त है। चोर गिरोह की गतिविधियों से अब तक कई करोड़ का नुकसान एसईसीएल कंपनी को हो चुका है और उसके कई कर्मी हमले में घायल हो चुके हैं। इन सबसे अलग डीजल चोरी के मामले नहीं रुकने के दुष्परिणाम एसईसीएल को भारी नुकसान के रूप में झेलने पड़ रहे हैं। सभी तरह की चिंता के बावजूद यह काम कोरबा जिले में नहीं रुक पा रहा है यह सबसे बड़ा सवाल है।हालांकि कोलफील्ड्स के लिए यह कोई नया मामला नहीं है लेकिन चिंताजनक तो है ही खबर है कि कोल इंडिया की दूसरी सहायक कंपनियों में भी इस तरह के मामलों की रफ्तार कहीं पर सामान्य है तो कहीं ज्यादा हर तरफ से संगठित चोर गिरोह अपने काम को अंजाम देने में लगे हुए हैं। इसके जरिए कोयला कंपनियों को अनावश्यक नुकसान हो रहा है। प्राकृतिक कारणों से और हड़ताल से होने वाले नुकसान की तुलना में यह अलग है। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की खदानें 4 चित्र में संचालित हो रही हैं। यह खदानें कोरबा कुसमुंडा गेवरा और दीपका विस्तार क्षेत्र में मौजूद हैं। एसईसीएल के वार्षिक उत्पादन लक्ष्य 155 लाख टन की 50 फीसदी मात्रा की पूर्ति अकेले कोरबा जिले की खदानें करती हैं।

100 क्विटंल धान बेचने की तैयारी कर रहे किसान को मिला 11 क्विंटल धान का टोकन सदमे में कर ली आत्महत्या

कोण्डागांव (नव प्रदेश)। जिले के बड़े राजपुर तहसील अंतर्गत मारंगपुरी गांव के 40 वर्षीय किसान धनीराम ने गुरुवार सुबह फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली वह करीब 100 कुंटल धान बेचने की तैयारी में थे लेकिन सरकारी रिकॉर्ड में जमीन का रकबा एकदम घट जाने से केवल 11 क्विंटल धान बेचने का ही उनका टोकन कटा उन पर को ऑपरेटिव बैंक का 61932 रुपये.कर्ज भी था। ग्रामीण आत्महत्या के पीछे बैंक के कर्ज का दबाव और मात्र 11 क्विंटल धान बेचने के टोकन को मुख्य कारण बता रहे हैं। दूसरी और कोंडागांव के कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा का दावा है कि धनीराम अपने बेटे की 4 साल पहले हुई मौत के कारण डिप्रेशन में था वह नशे में रहता था साथ ही कहा कि धान का रकबा घटने जैसी बातों की जांच भी कराई जाएगी इस मामले में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित के विपणन अधिकारी ने तकनीकी गड़बड़ी की जांच कराने की बात कही है। सॉफ्टवेयर और गिरदावरी में गड़बड़ी के चलते जमीन का रकबा घट जाने से जिले में और भी कई मामले सामने आ रहे हैं धनीराम की पत्नी सुमित्रा ने बताया कि उनका 6. 70 एकड़ का भूमि स्वामित्व पट्टा है। इस हिसाब से करीब 100 क्विटल धान बेचने की तैयारी थी वह कई जगह से उधारले रखे थे। व्यापारियों के पास भी खाद बीज का कर्ज था जिससे जिससे उनके पति काफी परेशान थे। अपने रिश्तेदार प्रेमलाल नेताम को टोकन कटाने में भेजा था तब पता चला कि 11 क्विंटल धान ही बेच सकेंगे जिससे वह डिप्रेशन में आ गया तथा दूसरे दिन खेत जाने की बात कहते खेत के बगल में ही पेड़ से लटक कर आत्महत्या कर ली।

कोरबा की बेटे व बेटी ने किया देश में नाम रौशन

कोरबा (नव प्रदेश)। नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन ग्वालियर बी पी एड के अंतरिम परीक्षा में पूरे देश भर में आशु साहू ने प्रथम स्थान हासिल किया है वही अर्पणा गोस्वामी ने 15वां स्थान हासिल किया है अब दोनों खिलाड़ी फिजिकल एजुकेशन की पढ़ाई करने के लिए ग्वालियर नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन के लिए चयनित किए गए हैं ।आशु साहू शासकीय स्नातककोर महाविद्यालय कोरबा के बी कॉम अंतिम वर्ष के छात्र हैं अर्पणा गोस्वामी ने केंद्रीय विद्यालय एनटीपीसी नंबर 2 से इसी वर्ष 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है। आशु और अर्पणा दोनों ही जिले के होनहार ताइक्कांडो खिलाड़ी है। दोनों खिलाड़ियों के चयन पर छत्तीसगढ़ ताइक्कांडो संघ के महासचिव अनिल द्विवेदी एवं कोच लोकेश राठौर ने बधाई दी है। ÷आशु साहू एक मध्यम परिवार से हैं पिता सीएसईबी के पावर प्लांट में ठेका मजदूर है वही आंसू साहू अपने मामा के राशन दुकान मैं काम कर अपनी पढ़ाई और खेल का खर्चा चलाते हैं।

सरकार ने वनभूमि का पट्टा दिया और धान बेचने की सुविधा भी दी : देवसाय

नव प्रदेश संवाददाता

कांकेर। समर्थन मूल्य पर पहली बार धान बेचने वाला ग्राम कन्दाड़ी का किसान देवसाय बेहद खुश है। उन्होंने कहा कि श्री भूपेश बघेल की सरकार ने मुझे वनभूमि का पट्टा दिया है, जिसमें धान की फसल ली और उसे बेचने के लिए कोयलीबेड़ा सहकारी समिति में पंजीयन कराया। वनभूमि का पट्टा नहीं मिलने से पहले मैं अपने धान को कोचियों के पास औने-पौने दाम में बेच देता था, जिससे मुझे नुकसान उठाना पड़ता था। सरकार द्वारा वनभूमि का पट्टा दिये जाने से धान बेचने के लिए समिति में मेरा पंजीयन किया गया और धान खरीदी शुरू होने के दूसरे ही दिन मैं अपने 145 बोरा धान को 25 सौ रूपये प्रति क्विंटल की दर से 01 लाख 45 हजार रूपये में बेचा हूॅ। मैं इस व्यवस्था के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की

सरकार को धन्यवाद देता हूॅ। उनकी सरकार ने मेरे धान को समर्थन मूल्य पर खरीदकर मुझे लाभान्वित किया है।

उल्लेखनीय है कि धुर नक्सली प्रभावित कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के गांव 'कन्दाड़ी' के किसान देवसाय पिता बैसाखू को मेड़की नदी के किनारे ऑरेंज-19 में 10 एकड़ जमीन का वन पट्टा (वन अधिकार मान्यता पत्र) दिया गया है, जिसमें वे अपने परिवार के साथ खेती-किसानी कर रहे हैं। कृषक देवसाय ने बताया कि वन अधिकार मान्यता पत्र से प्राप्त 10 एकड़ जमीन में से उनके द्वारा 04 एकड़ में धान फसल, 03 एकड़ में मक्का तथा 03 एकड़ में उड़द, कुल्थी इत्यादि की फसल ली गई थी, वर्तमान में भी लगभग 02 एकड़ जमीन में मक्का की फसल ली गई है।

गौरतलब है कि कोयलीबेड़ा सहकारी समिति में 174 वन पट्टाधारी किसानों का पंजीयन किया गया है, जिन्हें समर्थन मूल्य पर धान बेचने का मौका मिलेगा। वनभूमि में वर्षो से काबिज इन किसानों को पट्टा नहीं मिलने से समर्थन मूल्य पर धान बेचने से वंचित हो जाते थे और उन्हें अपनी गाढ़ी कमाई के धान को कोचियों के पास औने-पौने दाम में बेचना पड़ता था, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। कोयलीबेड़ा सहकारी समिति में इस वर्ष 14 ग्राम पंचायत के 41 गांवों के 1274 किसानों का पंजीयन किया गया है तथा उन्हें खेती किसानी के लिए खाद, बीज और नकद राशि भी उपलब्ध कराई गई है। पंजीयन किसानों में 174 वन पट्टाधारी किसान भी शामिल हैं। इन पट्टाधारी किसानों में से 134 किसानों को सहकारी समिति के द्वारा खाद, बीज और नकद राशि शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर उपलब्ध कराया गया है।

तहसील के पीछे अवैध काउंटर रजिस्ट्री के नाम पर हो रही दलाली

नव प्रदेश संवाददाता

बैकुंठपुर। जिला प्रशासन द्वारा पूरे जिले में जीरो टालरेंस पर कार्य कराने का दावा किया जा रहा है। जिसके तहत राजस्व , तहसील में रजिस्ट्री से लेकर नकल तक सब कुछ ऑनलाइन है, लेकिन जमीन हकीकत इससे कहीं अलग है। नियमानुसार किसी भी रजिस्ट्री के लिए पहले तहसील कार्यालय के पीछे बैठे दलालों से मिलना होता है।यदि इन्होंने कहा कि रजिस्ट्री होगी तो हो जायेगी वरना किसी आपत्ति के नाम पर रजिस्ट्री में रोक लगा दिया जाता हैं जहा से सुरु होता हैं इन दलालों का खेल जो कुर्सी में बैठे अधिकारी के निर्देश पर जमीन के क्रेता व विक्रेता से रजिस्ट्री के अलावा अलग से कमीशन की मांग करते हैं जहा कमीशन की राशि मिलते ही सारी प्रक्रिया पूरी हो जाती हैं जिससे शिकायत के पश्चात भी कार्यवाही नही होने के कारण जिले के अन्य ईमानदार अधिकारी भी अब बदनामी का टीका अपने माथे पर लगा रहे हैं !

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार किसी भी जमीन के रजिस्ट्री के लिए जमीन के क्रेता व विक्रेता को जिले में स्तिथ रजिस्टार कार्यालय जाना होता हैं जहा शासन द्वारा रखे गए कर्मचारियों से मिलने के पश्चात लगने वाले शुल्क कि जानकारी दी जाती हैं जिसे जमा करने के पश्चात ऑनलाईन स्टाम्प पेपर दिया जाता हैं किंतु कुर्सी में बैठे अधिकारी अपने जिम्मेदारी से बचने तहसील कार्यालय के पीछे बिना अनुमति बैठे दस्तावेज लेखक से मिलने को कह दिया जाता हैं जहा उन्हें दस्तावेज तैयार करने के नाम पर शासन द्वारा निर्धारित शुल्क के अलावा अलग से शुल्क लगने के संबंध में जानकारी दी जाती जिनके द्वारा शुल्क दिया जाता हैं उनका कार्य हो जाता हैं।

करप्ट अफसर परेशान, ईमानदार आयुक्त को हटाने चल रहा हस्ताक्षर अभियान

नव प्रदेश संवाददाता

कोरबा। भ्रष्टाचार के लिए कुख्यात पूर्व विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) कोरबा और वर्तमान नगर पालिक निगम कोरबा का भ्रष्ट तबका इन दिनों खासा परेशान हैं। नगर निगम के आई ए एस आयुक्त एस जयवर्धन को हटाने के लिए पार्षदों के बीच हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। चर्चा है कि पूर्व की तरह भ्रष्टाचार और फर्जीबाड़ा का अवसर नहीं मिलने के कारण असंतुष्ट तत्वों ने जिले के दबंग नेता की सरपरस्ती में यह अभियान छेड़ा है।

समय के साथ राजनीति की परिभाषा भी बदल गयी है। कभी जनसेवा का साधन रही राजनीति अब ताकत, इज्जत, शोहरत और इससे भी पहले सड़कपति से अरबपति बनने का आसान माध्यम बन गयी है। खासकर अर्थ पिशाचों ने इसे नोट छापने की मशीन की तरह इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। कोरबा में तो सबसे आसान और फायदेमंद धंधा ही अब राजनीति है। तमाम तरह के अपराध कर, विशेष रूप से आर्थिक अपराध कर उस पर पर्दा डालने और कानून के शिकंजे में फंसने से बचने के लिए लोगों ने राजनीति को हमेशा ढाल की तरह उपयोग किया है।

ऑनलाईन मनाया गया विश्व दिव्यांगता दिवस

कांकेर (नव प्रदेश)। विश्व दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए स्पोर्ट इवेन्ट एवं अन्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाता था, वर्तमान में कोविड-19 संक्रमण के कारण बच्चों का स्पोर्ट इवेन्ट का कार्यक्रम का आयोजन नहीं हो सका। जिसमें विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए पेंटिंग, रंगोली, निबंध स्लोगन, भाषण आदि प्रतियोगिता का ऑनलाईन आयोजन किया गया जिसमें सभी विकासखण्ड के दिव्यांग बच्चों ने बढ-चढ़ कर उत्साह पूर्वक अपनी सहभागिता निभाई।

भय, भूख, भ्रष्टाचार वाली सरकार प्रदेश में पुन: आ गई : मार्कण्डेय

कांकेर (नव प्रदेश)। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष नवीन मार्कण्डेय का आज प्रथम नगर आगमन हुआ। मार्कण्डेय का भाजपा के प्रदेश, जिला, मण्डल, युवा व अजा मोर्चा के पदाधिकारियों द्वारा आतुरगावँ से जोरदार स्वागत करते हुए बाइक रैली के साथ शहर के नए बस स्टैंड के पास आतिशबाजी व फूलमाला के साथ पुनः स्वागत किया गया । तत्पश्चात कलेक्ट्रेट रोड में भारत रत्न डॉ भीम राव आम्बेडकर के मूर्ति पर नवीन मार्कण्डेय व भाजपा पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत रैली कमल सदन पहुंची। कमल सदन पहुंचने पर श्री मार्कण्डेय का बाजे गाजे, आतिशबाजी व फूल माला के साथ भाजपा पदाधिकारी व भाजपा महिला मोर्चा द्वारा तिलक लगाकर तथा कमल सदन कांकेर के सभा कक्ष में लोकसभा सांसद मोहन मण्डावी व भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया , प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुमित्रा मारकोले, भरत मटियारा की उपस्थिति में भाजपा पदाधिकारी व अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा फूलमाला से स्वागत किया गया ।

स्वागत पश्चात उपस्थित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष नवीन मार्कण्डेय ने कहा कि आप सभी के स्वागत से अभिभूत हु । भाजपा के प्रदेश संगठन द्वारा मुझे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है । मैं इस जिम्मेदारी को ईमानदारी से निभाते हुए प्रदेश में अजा मोर्चा और भाजपा संगठन को मजबूत करने का कार्य करूंगा । मैं प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद कार्यकर्ताओ का स्नेह, आशीर्वाद लेने आया हु इसलिये प्रदेश भर में दौरा कर रहा हु ।श्री मार्कण्डेय ने कहा कि प्रदेश की सरकार किसानों के साथ छल कर रही है । किसानों का धान 2500 रु में नही खरीद रही बल्कि समर्थन मूल्य पर ही खरीद रही है और अंतर की राशि को किस्तों में दे रही है । पिछ्ले सत्र का अंतर का पूरा पैसा किसानों को मिला नही है और पुनः धान धरीदी प्रारम्भ हो गई है ।

'डॉ. प्रसाद सदैव याद किये जाते रहेंगे - शोरी'

कांकेर (नव प्रदेश)। देश के प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी के जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस द्वारा विधायक निवास में आयोजित सभा में पुष्पांजलि अर्पित करते हुए संसदीय सचिव शिशुपाल शोरी ने उनके व्यक्तित्व तथा देश के प्रति दिए योगदान को याद करते हुए कहा कि देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद जी की जन्म जयंती के अवसर पर उनकी पुण्य स्मृति को सादर नमन करता हूं।

ग्रामीण विकास के कार्यो का सीईओ ने ली समीक्षा बैठक, दिए निर्देश

नव प्रदेश संवाददाता

कांकेर। जिला पंचायत कांकेर के सभा कक्ष में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे की अध्यक्षत में समस्त विकासखण्ड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी, आरईएस उपअभियंताओं, वेटनरी, क्रेडा,

कृषि विभाग के विभिन्न विकास कार्यो की समीक्षा बैठक ली गई। समीक्षा बैठक में महात्मा गांधी रोजगार गांरटी योजना में प्रत्येक विकासखण्ड में अधिक से अधिक मानव दिवस की सृजित किया जाए। माह नवंबर 2020 तक कुल लक्ष्य 41.10 लाख के विरूद्ध जिले का 35.69 लाख मानव दिवस सृजित किया जा चुका है।

धान खरीदी | रामगढ़ में कलेक्टर ने किया निरीक्षण, सीता मढ़ी पहुचे विधायक गुलाब कमरो, मितानिनों का किया सम्मान

कलेक्टर के साथ धान खरीदी केन्द्र पहुचे विधायक, किसानों से की मुलाकात

नव प्रदेश संवाददाता

कोरिया। विधायक गुलाब कमरो अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान ग्राम घुघरा के गौठान पहुंचे जहां विधायक गुलाब कमरों,ने समूह के द्वारा संचालित फ्लाई ऐश ब्रिक्स ईट उद्योग के साथ-साथ मल्टी यूटिलिटी सेंटर एवं समूह द्वारा किए जा रहे अन्य कई प्रकार के कार्य जैसे चप्पल व अन्य निर्माण कार्य का अवलोकन किया , इस दौरान विधायक ने गौठान परीसर में ग्रामीणों की समस्याओं को सुन कर उसका निराकरण किया साथ ही गौठान में संचालित कार्यो को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। विधायक गुलाब कमरों रामगढ़ क्षेत्र में अपने दौरे के दौरान कलेक्टर कोरिया के साथ धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया इस दौरान रामगढ़ क्षेत्र के किसानों ने नवीन धान खरीदी केंद्र खोलने के लिए विधायक गुलाब कमरों का आभार जताया और उन्हें धन्यवाद भी ज्ञापित किया इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गुलाब कमरों ने कहा कि पूर्व की सरकार ने 15 साल में क्षेत्र में एक भी नया धान खरीदी केंद्र स्वीकृत नहीं कराया लेकिन भूपेश बघेल की सरकार ने भरतपुर सोनहत विधानसभा में और खासकर सोनहत विकासखंड के रामगढ़ वनांचल क्षेत्र को धान खरीदी केंद्र की सौगात दिया ।नवीन धान खरीदी केंद्र खोलने से रामगढ़ क्षेत्र के किसानों को धान बेचने में

बहुत ही सहूलियत होगी इसी दौरान विधायक गुलाब कमरों ने उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं को सुना तथा उसका निराकरण किया साथ ही कई प्रकार की समस्याओं के संबंध में एसडीएम एवं तहसीलदार सोनहत को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

विधायक गुलाब कमरों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामगढ़ का भी निरीक्षण किया इस दौरान विधायक ने बन रहे स्टाफ क्वार्टर एवं मरचुरी कक्ष का भी अवलोकन किया उल्लेखनीय है कि शव परीक्षण गृह नहीं होने से रामगढ़ वासियों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता था लेकिन विधायक गुलाब कमरों के प्रयास से रामगढ़ में तो शव परीक्षण भी बनकर तैयार हो चुका है इसी के साथ ही विधायक गुलाब कमरों ने रामगढ़ अस्पताल में पदस्थ चिकित्सक एवं अन्य स्टाफ से आवश्यक जानकारी लेते हुए कई प्रकार की समस्याओं से अवगत हुए और उन्हें दूर करने का आश्वासन भी दिया।

विधायक गुलाब कमरों रामगढ़ क्षेत्र स्थित प्राचीन जगह सीतामढ़ी पहुंचे और सीतामढ़ी का अवलोकन किया उल्लेखनीय है कि सीतामढ़ी क्षेत्र पुरातात्विक और प्राचीन स्थल है मान्यता है कि यहां पर भगवान श्रीराम का आगमन हुआ था लोगों की मान्यता अनुसार यहां पर भगवान श्री राम के पद चिन्ह भी उपस्थित हैं विधायक गुलाब कमरों ने गुफा के अंदर जाकर के पूजा अर्चना भी की और विधायक गुलाब कमरों ने सीतामढ़ी में विधायक निधि से एक शेड की स्वीकृति भी प्रदान की है जिसका निर्माण कार्य भी आरंभ होने जा रहा है। इस दौरान विधायक गुलाब कमरों ने सीतामढ़ी स्थल को पर्यटन के रूप में विकसित करने का प्रयास करने को भी कहा । विधायक गुलाब कमरों ने रामगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में मितानिनओं का सम्मान किया इस दौरान विधायक गुलाब कमरों ने सोनहत विकासखंड के सुदूर वनांचल क्षेत्र आनंदपुर से आए हुए मितानिन को श्रीफल एवं साड़ी देकर सम्मानित किया।

सीएम ने जशपुर जिले को दी 792 करोड़ रूपए के 196 विकास कार्यों की सौगात

656 करोड़ रूपए की लागत के 94 कार्यों का किया भूमिपूजन: 137 करोड़ रूपए की लागत के 102 कार्यों का लोकार्पण

- **जशपुर जिले में 568.80 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाली 64 सड़कों का भूमि पूजन**
- **लगभग 62.68 करोड़ रूपए की लागत से पूर्ण किए गए सोलर सिंचाई पम्पों, सोलर होम लाईट और सोलर प्लांट स्थापना के पूर्ण हो चुके कार्यों का लोकार्पण**

जशपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज जिला मुख्यालय जशपुर के रणजीता स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में जिले को 792 करोड़ रूपए 86 लाख रूपए की लागत के 196 विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने इनमें से 655 करोड़ 77 लाख रूपए की लागत के 94 कार्यों का भूमिपूजन और 137 करोड़ रूपए की लागत के 102 कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर खाद्य मंत्री श्री अमरजीत भगत, उच्च शिक्षा मंत्री श्री उमेश पटेल, मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री लालजीत सिंह राठिया, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े, छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष श्री गिरीश देवांगन, विधायक जशपुर श्री विनय भगत, रायगढ विधायक श्री प्रकाश नायक, लैलूंगा विधायक श्री चक्रधर सिदार सहित अनेक जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने जशपुर जिले में 568 करोड़ 80 लाख रूपए की लागत से बनने वाली 64 सड़कों के लिए भूमि पूजन किया। इन कार्यों में से लोक निर्माण विभाग द्वारा 359 करोड़ 63 लाख रूपए की लागत से बनाई जाने वाली 32 सड़कों के कार्य, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 205 करोड़ 65 लाख रूपए की लागत से बनने वाली 28 सड़कें और मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 3 करोड़ 52 लाख रूपए की लागत से बनने वाली 4 सड़कें शामिल हैं। इनमें से अनेक सड़कों पर पुल-पुलियों के निर्माण के कार्य भी किए जाएंगे। इन कार्यों के पूर्ण होने से जशपुर जिले के ग्रामीण अंचलों में लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिल सकेगी। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में 38 करोड़ 28 लाख रूपए की लागत से पूर्ण हो चुके सड़कों के 40 कार्यों का लोकार्पण भी किया।

मुख्यमंत्री ने वनांचल के इस जिले में क्रेडा द्वारा लगभग 62 करोड़ 68 लाख रूपए की लागत से पूर्ण किए गए सोलर सिंचाई पम्पों, सोलर होम लाईट और सोलर प्लांट स्थापना के पूर्ण हो चुके कार्यों का लोकार्पण किया। इन कार्यों में सौर सुजला योजना के अंतर्गत 47 करोड़ 85 लाख रूपए की लागत से स्थापित किए गए 1927 सोलर सिंचाई पम्प स्थापना के कार्य, 2 करोड़ 9 लाख रूपए की लागत से गौठानों और चारागाहों में पेयजल के लिए स्थापित 74 सौर सिंचाई पम्पों, 6 करोड़ 29 लाख रूपए की लागत से पेयजल के लिए स्थापित किए गए 110 सोलर ड्यूल पम्प, 5 करोड़ 30 लाख रूपए की लागत से लगाई गई 1301 सोलर होम लाईट और 1 करोड़ 15 लाख रूपए की लागत से जशुपर बगीचा और पत्थलगांव के न्यायालय एवं व्यवहार न्यायालय में स्थापित किए गए 4 सोलर पॉवर प्लांट स्थापना का कार्य शामिल है।

श्री बघेल ने जशपुर जिले में 28.60 करोड़ रूपए की लागत से सौर सुजला योजना के अंतर्गत 1 हजार सौर सिंचाई पम्पों की स्थापना के कार्य, 4.96 करोड़ रूपए की लागत से गौठानों और चारागाहों में पेयजल हेतु स्थापित किए जाने वाले 150 सौर सिंचाई पम्पों, 6.66 करोड़ रूपए की लागत से जल जीवन मिशन के अंतर्गत 45 सोलर ड्यूल पम्प और

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जशपुर में आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल का निरीक्षण किया

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने जशपुर में आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने छोटे बच्चों से रुबरु होकर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर खाद्य और जिले के प्रभारी मंत्री श्री अमरजीत भगत, उच्च शिक्षा मंत्री श्री उमेश पटेल, विधायक जशपुर श्री विनय भगत, रायगढ विधायक श्री प्रकाश नायक, धरमजयगढ़ विधायक श्री लालजी सिंह राठिया, लैलूंगा विधायक श्री चक्रधर सिदार उपस्थित थे।

बच्चों की फर्राटेदार इंग्लिश सुन अभिभूत हुए मुख्यमंत्री

जशपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज जशपुर प्रवास के दौरान यहाँ डीपाटोली स्थित आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का निरीक्षण किया। विद्यालय के चौथी एवं दूसरी कक्षा के विद्यार्थियो ने स्वागत गीत से मुख्यमंत्री का स्वागत किया और अंग्रेजी माध्यम स्कूल स्थापना के लिए धन्यवाद दिया। बच्चों ने जशपुर के ऐतिहासिक और पुरातात्विक धरोहर तथा पर्यटन स्थल की जानकारी बहुत ही सहज तरीके से आपसी संवाद के माध्यम से प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने प्राथमिक कक्षा के नन्हे बच्चों से धारा प्रवाह अंग्रेजी सुनकर अभिभूत हुए। उन्होंने बच्चों को शाबाशी देते हुए खूब पढ़ाई कर जशपुर का नाम रोशन करने कहा। मुख्यमंत्री ने स्कूल के प्रयोगशाला, स्टाफ रूम सहित विभिन्न कक्षाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्कूल के प्राचार्य श्रीमती सरोज संगीता भोई से शिक्षको की भर्ती तथा ऑनलाईन क्लास के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अभी कोविड-19 के कारण स्कूल नही खुलेंगे लेकिन ऑनलाईन क्लास निरंतर जारी रखें। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त शिक्षको से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दी और कहा कि जिस उद्देश्य से इस स्कूल की स्थापना की गई है उसे पूरा करने में आप लोगो की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। उल्लेखनीय है कि लगभग 1 करोड़ 17 लाख रूपए की लागत से शासकीय नवीन अंग्रेजी मीडियम स्कूल का निर्माण किया गया है। यहां कक्षा एक से लेकर कक्षा 12वीं तक इंग्लिश एवं हिन्दी मीडियम की कक्षाएं संचालित की जाएगी। विद्यालय में अंग्रेजी माध्यम के 463 एवं हिन्दी माध्यम के 448 सहित कुल 948 बच्चों का एडमिशन कार्य हो चुका है। विद्यालय में बच्चों की अध्यापन के लिए शिक्षकों की नियुक्ति किया गया है। विद्यालय में आईआईटी, एनआईटी, जेईई परीक्षा की तैयारी, कम्प्यूटर शिक्षा, आईटी शिक्षा, रसायन, भौतिक, बायोलॉजी, एवं कम्प्यूटर की सर्वसुविधायुक्त आधुनिक प्रयोगशाला एवं पुस्तकालय का बच्चों की सुविधा के लिए निर्माण किया गया है। इस दौरान जिले खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री अमरजीत भगत, उच्च शिक्षा मंत्री श्री उमेश पटेल, संसदीय सचिव एवं कुनकुरी विधायक श्री यू डी मिंज, लैलूंगा विधायक श्री चक्रधर सिंह सिदार, मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष और धरमजयगढ विधायक श्री लालजीत सिंह राठिया, रायगढ़ विधायक श्री प्रकाश नायक, जशपुर विधायक श्री विनय भगत सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

बालोद भाजयुमो जिलाध्यक्ष के लिए चल रही जोर आजमाइश

- **पद के लिए तीन नामों का पैनल, इसी पैनल के आधार पर की जा सकती है नियुक्ति**

सुप्रीत शर्मा

बालोद(नवप्रदेश)। भाजयुमो के प्रदेशाध्यक्ष के दौरे के बाद अब सबकी निगाहें भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्ति को लेकर है। बताया जाता है कि इस माह के अंत तक युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष की घोषणा की जा सकती है। इसके लिए जिले के युवा मोर्चा के अध्यक्ष पद को लेकर दावेदारों की जोर आजमाइश शुरू हो चुकी है। जिले से युवा मोर्चा के अध्यक्ष पद के लिए तीन नामों का पैनल है। इसी पैनल के आधार पर ही जिलाध्यक्ष की नियुक्ति की जा सकती है। इधर भाजयुमो के जिलाध्यक्ष पद के तीनों दावेदारों के बीच जोर-आजमाइश जारी है। भाजयुमो का कार्यकाल तीन सालों का होता है। लेकिन कोरोना महामारी के कारण वर्तमान अध्यक्ष के कार्यकाल को चार साल से भी ज्यादा हो गया है। अब जिले में संगठन को नया अध्यक्ष नियुक्त करना है। इस पद पर जिले के कई युवा नेताओं की निगाहें हैं। पर जानकारी के मुताबिक मुख्य दावेदारों में तीन नाम उभर कर सामने आए हैं। जिनमें वर्तमान जिला पंचायत के सदस्य मोन्टी यादव के अलावा गुरूर के जनपद सदस्य आदित्य पिपरे एवं भाजपा के पुराने व समयदानी कार्यकर्ता एकांत पवार का नाम सबसे ऊपर है। बताया जाता है कि जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष के लिए नामो की अनुशंसा कर जिला भाजपा अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष को भेजेंगे। जिनमें से एक नाम फाइनल किया जाएगा।

मांग- जिला मुख्यालय से हो अध्यक्ष

बताया जाता है कि युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष पद के लिए पैनल में एक नाम एकांत पवार का भी हो सकता है, जो बालोद के हैं। इसे लेकर कई कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों का मानना है कि जिलाध्यक्ष का पद जिला मुख्यालय में ही होना चाहिए। जिससे संगठन का संचालन बेहतरीन तरीके से किया जा सकता है। वहीं कुछ कार्यकर्ताओं का यह भी कहना है कि जब भाजपा जिलाध्यक्ष जिला मुख्यालय में हैं, तो युवा मोर्चा का अध्यक्ष ग्रामीण क्षेत्र से होना चाहिए। अब देखना है कि इस बारे में युवा मोर्चा और भाजपा की प्रदेश इकाई क्या निर्णय लेती है। जिले के युवा कार्यकर्ताओं की नजर अब इसी पर टिकी हुई है।

संगठन के हित में लिया जाएगा निर्णय : कृष्णकांत

इस बारे में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष कृष्णकांत पवार ने कहा कि युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष का फैसला महीने के अंत तक या अगले माह मे हो जाएगा। यहां से तीन नामों का पैनल भेजा जाएगा। वरिष्ठ पदाधिकारियों व नेताओं के मार्गदर्शन व उनके निर्देश पर उसमें से एक नाम पर जिलाध्यक्ष पद पर मुहर लगाई जाएगी। इसका फैसला पार्टी संगठन के हितों व कार्यकर्ताओं की भावनाओं के अनुरूप किया जाएगा। भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। यहां हर कार्यकर्ता का महत्व है।

संभावित दावेदार व ताकत

मोंटी यादव : इन दावेदारों में सबसे सशक्त दावेदारी मोन्टी यादव की मानी जा रही है। मोन्टी यादव वर्तमान मे जिला पंचायत के सदस्य है। साथ ही वे बहुत पहले से ही संगठन में कई पदों पर रहते हुए कार्य कर चुके हैं। वर्तमान में वे युवा मोर्चा के जिला मंत्री हैं। राजनीति उन्हें विरासत में मिली है। इससे पहले मोन्टी शक्तिकेन्द्र प्रभारी, मंडल प्रभारी युवामोर्चा शहर मंडल बालोद, वालंटियर प्रोग्राम सहसंयोजक, समेत कई पदों पर कार्य कर चुके हैं। इसके अलावा में करीब 4 सालो से न्यास श्री गौरैया सिध्द शक्तिपीठ के सचिव रूप में भी अपनी सेवा दे रहे हैं। बताया जाता है कि उन्हें भाजपा के प्रदेश मंत्री राकेश यादव व वर्तमान युवामोर्चा जिलाध्यक्ष अमित चोपडा का भी समर्थन हासिल है। ज्ञात हो कि बालोद जिले में भाजपा की राजनीति राकेश यादव के इर्द-गिर्द ही घूमती है। ऐसे में उनकी दावेदारी काफी सशक्त मानी जा रही है।

आदित्य पिपरे : वही दूसरे दावेदार आदित्य पिपरे की जिले में अपनी अलग पहचान है। वे कांकेर लोकसभा के सांसद मोहन मंडावी व पूर्व विधायक प्रीतम साहू के काफी करीबी माने जाते हैं। साथ ही कई सालों से वे भाजयुमो के जिला मंत्री के रूप में अपनी सेवा पार्टी को देते आए हैं। पार्टी में उनकी छवि एक निर्विवाद नेता की रही है। युवाओं के बीच उनकी एक खास पहचान है। इस लिहाज से उनकी दावेदारी भी काफी मजबूत है।

एकांत पवार : वही तीसरे दावेदार के रूप मे बालोद के एकांत पवार का नाम सामने आ रहा है। बताया जाता है कि एकांत को प्रदेश के कई नेता का समर्थन है। वे छात्र जीवन से ही अखिल भारतीय विर्धाथी परिषद मे कई पदों पर अपनी सेवा दे चुके हैं।बीते 2-3 वर्षो मे एकांत ने समयदानी कार्यकर्ता के रूप मे कोंटा विधानसभा चुनाव, बिलासपुर लोकसभा चुनाव, मरवाही विधानसभा उपचुनाव मे पार्टी के लिए काम किया है। जिससे की उनकी पकड़ वर्तमान में प्रदेश संगठन के पदाधिकारियो मे भी काफी अच्छी बताई जाती है। ऐसे में एकांत पवार भी युवा मोर्चा के अध्यक्ष के रूप में प्रबल दावेदार हैं। अब देखना है कि इन तीनों दावेदारों का गणित अंतिम समय में कहां तक फिट बैठता है। तीनों दावेदार अपने स्तर पर लगातार पार्टी संगठन के बड़े पदाधिकारियों व नेताओं से लगातार संपर्क बनाए हुए हैं।

मानव तस्करी मामले में पुलिस ने दो अन्य आरोपियों को किया गिरफ्तार

डोंगरगढ़। पुलिस महानिरीक्षक व पुलिस अधिक्षक डी श्रवण के मागदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश बढई व अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक प्रज्ञा मेश्राम के नेतृत्वं में गठित टीम द्वारा मानव तस्करी मांमले में पतासाजी करने के बाद एक के बाद एक इसके तार प्रदेश के अलावा दुसरे राज्यो से जुडे होने का खुलासा होने लगा है। जानकारी के अनुसार इस मांमले में अभी तक पुलिस ने 4 पुरूष व 3 महिला कुल 7 आरोपीयो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार पतासाजी के बाद मांमले के अन्य आरोपी रेखा व अजय दोनो

महाराष्ट्र के नादेड में होने की सुचना मिली जिसके बाद थाना स्टाप द्वारा 1 नंवबर को रेखा जो अपने मायके में छिपकर रहती थी उसे घेराबंदी कर पकडा गया उसी दौरान सुरेश मोराडे भी पकड में आया । रेखा से पुलिस द्वारा पुछताछ में बताया गया कि उसका नाम रेखा गुप्ता पति ताराचंद गुप्ता है एंव सुरेश मोराडे पिता गोकुल सिंग मोराडे उम्र 31 वर्ष निवासी अडगांव तहसील भोकरदान थाना पारद जिला जालना महाराष्ट्र व रेखा पति तारांचद गुप्ता उम्र 37 वर्ष निवासी थाना खेतडी जिला झुनझुन राजस्थान से लाया गया पुलिस पुछताछ पर साजदा सैययद व गंगा पांडे के साथ दोनो ने पुराने परिचय होने के साथ में काम करना बताया गया व साजदा सैययद व गंगा दोनों छ्ग से लडकिया लाती थी जिसे हमे लोग ग्राहक खोजकर शादी कराते थे। पुलिस ने दोनो आरोपी को पुछताछ करने के बाद गिरफ्तार कर ज्युडिसियल रिंमाड पर पेश किया गया है। थाना प्रभारी अलेक्जेंडर किरो ने बताया कि मांमले में अभी तक 4 पुरूष व 3 महिलाओं कुल 7 आरोपीयो को गिरफ्तार जेल भेज दिया गया है ।